


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 134

ग्वालियर, मंगलवार, 1 फरवरी, 2022

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


# देश, किसान, युवाओं और महिलाओं को मिली ताकतः कोविंद

**नई दिल्ली।** देश का बजट 1 फरवरी को संसद में पेश किया जाएगा। इससे पहले सोमवार को संसद के बजट सत्र की शुरुआत हुई। बजट सत्र की शुरुआत में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने अभिभाषण दिया। संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति कोविंद ने कहा कि देश में 80 फीसदी किसान छोटे किसान ही हैं, जिनका देश के विकास में अहम योगदान है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से 11 करोड़ से अधिक किसान परिवारों को 1 लाख 80 हजार करोड़ रुपये दिए गए हैं। इस निवेश से कृषि क्षेत्र में आज बड़े बदलाव दिखाई दे रहे हैं। राष्ट्रपति कोविंद ने कहा कि महिला सशक्तिकरण मेरी सरकार की उच्च प्राथमिकताओं में से एक है। बेटे-बेटी को समानता का दर्जा देते हुए मेरी सरकार ने महिलाओं के विवाह के लिए न्यूनतम आयु को 18 वर्ष से बढ़ाकर पुरुषों के समान 21 वर्ष करने का विधेयक भी संसद में प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि मैं देश के उन लाखों स्वाधीनता सेनानियों को नमन करता हूं, जिन्होंने अपने कर्तव्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और भारत को उसके अधिकार दिलाए। आजादी के इन 75 वर्षों में देश की विकास यात्रा में अपना योगदान देने वाले सभी महानुभावों का भी मैं श्रद्धा-पूर्वक स्मरण करता हूं।



राष्ट्रपति ने कहा कि कोरोना वायरस से उत्पन्न वैश्विक महामारी का ये तीसरा वर्ष है, इस दौरान हमने भारत के लोगों की लोकतांत्रिक मूल्यों में आस्था, अनुशासन और कर्तव्यपरायणता को और मजबूत होते देखा है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में भारत के सामर्थ्य का प्रमाण वैक्सीनेशन प्रोग्राम में नजर आया है। हमने एक साल से भी कम समय में 150 करोड़ से भी ज्यादा वैक्सीन डोज लगाने का रिकॉर्ड पार किया। आज हम पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा वैक्सीन डोज देने वाले अग्रणी देशों में से एक हैं। कोविंद ने कहा, ÷सरकार की ओर से 64 हजार करोड़ रुपए की लागत से शुरू किया गया प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इनफ्रास्ट्रक्चर मिशन एक सराहनीय उदाहरण है। इससे न केवल वर्तमान की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी, बल्कि आने वाले संकटों के लिए भी देश को तैयार किया जा सकेगा।÷ राष्ट्रपति ने कहा, ÷मेरी सरकार की संवेदनशील नीतियों के कारण देश में अब स्वास्थ्य सेवाएं जन साधारण तक आसानी से पहुंच रही हैं। 80 हजार से अधिक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स और करोड़ों की संख्या में जारी आयुष्मान भारत कार्ड से गरीबों को इलाज में मदद मिली है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कहा कि कोरोना के इस महासंकट में हमने बड़े-बड़े देशों में खाद्यान्न की कमी और भूख की परेशानी देखी है, लेकिन मेरी संवेदनशील सरकार ने इस बात का पूरा प्रयास किया कि 100 साल के इस सबसे बड़े संकट में कोई गरीब भूखा न रहे।

## राष्ट्रीय महिला आयोग का 30वां स्थापना दिवसः PM मोदी बोले- कम उम्र में शादी बेटियों के करियर में बाधा न बने, इसलिए विवाह की उम्र 21 साल की



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 30वें राष्ट्रीय महिला आयोग के स्थापना दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि कम उम्र में शादी बेटियों की पढ़ाई और करियर में बाधा न बने, इसलिए बेटियों के विवाह की उम्र 21 साल करने का प्रयास हमारी सरकार ने किया है। पीएम ने कहा कि 30 वर्ष का पड़ाव, चाहे व्यक्ति के जीवन का हो या फिर किसी संस्था का, बहुत अहम होता है। ये समय नई जिम्मेदारियों का होता है, नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने का होता है। आज बदलते हुए भारत में महिलाओं की भूमिका का निरंतर विस्तार हो रहा है। इसलिए राष्ट्रीय महिला आयोग की भूमिका का विस्तार भी आज समय की मांग है। ऐसे में, आज देश के सभी महिला आयोगों को अपना दायरा भी बढ़ाना होगा और अपने राज्य की महिलाओं को नई दिशा भी देनी होगी।

### मेक इन इंडिया ने पुरानी सोच बदली

पुरानी सोच वालों ने महिलाओं के स्किल्स को घरेलू कामकाज का ही विषय मान लिया था। देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए इस पुरानी सोच को बदलना जरूरी है। मेक इन इंडिया आज यही काम कर रहा है। आत्मनिर्भर भारत अभियान महिलाओं की इसी क्षमता को देश के विकास के साथ जोड़ रहा है।

### महिलाओं की भूमिका को प्रमोट किया जाए

न्यू इंडिया के ग्रोथ साइकल में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। महिला आयोगों को चाहिए कि समाज की आंत्रप्रेन्योरशिप में महिलाओं की इस भूमिका को ज्यादा से ज्यादा पहचान मिले, उसे प्रमोट किया जाए।

### मुद्रा योजना की लगभग 70% लाभार्थी महिलाएं

सदियों से भारत की ताकत हमारे छोटे स्थानीय उद्योग रहे हैं, जिन्हें आज हम रूस्रूब्ल्ह्य कहते हैं। इन उद्योगों में जितनी भूमिका पुरुषों की होती हैं, उतनी ही महिलाओं की भी होती हैं। आज मुद्रा योजना की लगभग 70त्न लाभार्थी महिलाएं हैं। करोड़ों महिलाओं ने इस योजना की मदद से अपना काम शुरू किया है और दूसरों को भी रोजगार दे रहीं हैं।

## खापों ने दी फिर से बॉर्डर सील करने की धमकी-चरखी-दादरी में केंद्र सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरे किसान



**चरखी दादरी।** हरियाणा के चरखी दादरी में एक बार फिर से किसानों ने खापों की अगुआई में सड़कों पर उतर कर केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। किसानों ने विश्वासघात दिवस मनाते हुए केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। चेतावनी भी दी कि अगर किसानों की मांगे पूरी नहीं होती हैं, तो दिल्ली बार्डर को फिर से सील करने में देरी नहीं लगेगी। प्रदेशभर की खाप पंचायतें किसानों के साथ मिलकर दोबारा से आंदोलन के लिए तैयार हैं।

**रोज गार्डन से शुरू हुआ रोष प्रदर्शनः** फौगाट खाप की अगुआई में जिलेभर की खापों, सामाजिक और सरकारी संगठनों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान किसान रोज गार्डन में इकट्?ठा हुए और सरकार की कथित वादाखिलाफी पर मंथन किया।

**ये खापें किसानों के साथ उतरीं:** करीब दो घंटे मंथन के बाद किसानों ने रोज गार्डन से लघु सचिवालय तक रोष प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। परशुराम चौक पर केंद्र सरकार का पुतला दहन किया और लघु सचिवालय पहुंचकर एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में चेतावनी दी कि किसान फिर से दिल्ली बार्डर को सील कर देंगे।



### प्रियंका के बयान 'लड़की हूं' पर स्मृति ईरानी का तंज, कहा- 'घर में एक लड़का है, जो लड़ नहीं सकता'

आगरा। यूपी चुनाव में सियासी दलों के बीच कटाक्ष और तंज कसने का दौर लगातार तेज हो गया है। भाजाप नेता और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा है कि कांग्रेस चुनाव से पहले 'गायब' थी और अब भी 'गायब' है क्योंकि उसने चुनावों में हार को 'स्वीकार' कर लिया है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवारों के पक्ष में घर-घर जाकर प्रचार करने के लिए आगरा में थीं।

## कांग्रेस का मोदी-योगी सरकारों पर तीखा हमला

**नई दिल्ली।** महंगाई को लेकर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला। सोमवार को उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार पर यूपी की योगी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि महंगाई डायन अब घर जमाई बन गई है। सुरजेवाला एक किताब से विमोचन पर पत्रकारों के साथ बात कर रहे थे। उन्होंने महंगाई से मुक्ति के लिए भाजपा की सरकार से मुक्ति पाने का अनुरोध किया। सुरजेवाला ने सोमवार को यहां कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में महा महंगाई, भाजपा लाई पुस्तक का लोकार्पण किया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में 2014 में कांग्रेस सरकार और सात वर्षों में बढ़ी महंगाई का फर्क समझाते हुए कहा कि जो डायन महंगाई है, वह मोदी-योगी सरकारों में घर जमाई बन गई है। उन्होंने भाजपा नीत सरकारों पर प्रहार करते हुए दावा किया, एक तरफ देश के लोगों को महंगाई की आग में झोंक दिए तो दूसरी तरफ सात साल में भाजपा की संपत्ति 780 करोड़ से बढ़कर 4850 करोड़ हो गयी यानी साढ़े पांच सौ प्रतिशत बढ़ गई और हम दो, हमारे दो की संपत्ति हर रोज एक हजार करोड़ बढ़ रही है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, मैं किसान हूं और इस देश के 62 करोड़ किसान की पीड़ा मेरे मन को कचोटती है, यह पहली सरकार है जिसने खाद, कीटनाशक दवाइयों पर कर लगाया है। ट्रैक्टर और खेती के उपकरणों पर भी कर लगा दिया है।

## खास खबर

### विस्तारा एयरलाइंस ने फरवरी में कई उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** विस्तारा एयरलाइन ने फरवरी महीने के लिए कई उड़ानें रद्द कर दी हैं, जबकि कम मांग के कारण कई उड़ानों को पुनर्निर्धारित किया गया है। रविवार को विमानन कंपनी से जुड़े सूत्रों ने खुलासा किया। उड़ानों के रद्द होने और पुनर्निर्धारण के कारण प्रभावित यात्रियों की कई शिकायतें देखने को मिल रही हैं। ट्विटर पर एक यात्री ने विस्तारा के कस्टमर केयर की अनुपलब्धता पर भी चिंता जताई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के एक वैज्ञानिक शिबाशीष प्रुस्टी ने ट्वीट कर कहा, प्रिय विस्तारा एयरलाइंस, आपने 5 फरवरी को नई दिल्ली से भुवनेश्वर के लिए एक टिकट रद्द कर दिया है। मुझे लगता है कि आपका कस्टमर केयर नंबर एक सस्ती नौटंकी है। कोई जवाब नहीं देता है और यह 48 घंटों से व्यस्त है। कृपया पूरी राशि जल्द से जल्द वापस करें।÷ इसे लेकर विस्तारा के प्रवक्ता ने इस मसले पर कहा कि एयरलाइन फिलहाल मांग के हिसाब से अपनी क्षमता को संतुलित करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि मौजूदा कोरोना वायरस लहर की वजह से भारत के उड्डयन बाजार में काफी हलचल मची है और कई राज्य सरकारों की ओर से लगाए गए प्रतिबंधों की वजह से एयरलाइन अब उड़ानों में संतुलन बनाने की कोशिश कर रही है।

### मंत्री और विधायक पर आरोप लगाकर दरोगा ने भरी सभा में दिया इस्तीफा

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में वन विभाग के दरोगा ने नौकरी छोड़कर राजनीति में उतरने का मन बना लिया है। वन विभाग के दरोगा अजीत भड़ाना ने वर्दी उतार कर राष?ट्रीय लोकदल की लाल टोपी पहन ली है। वह वन विभाग में पिछले 35 साल कार्यरत हैं। अजीत भड़ाना के इस्तीफे की डीएफओ बुलंदशहर ने भी पुष्टि की है। उत्तर प्रदेश में इस बार सात चरणों में मतदान होना है। इसकी शुरुआत 10 फरवरी को पश्चिमी यूपी के 11 जिलों की 58 सीटों पर मतदान के साथ होगी। इसके बाद दूसरे चरण में राज्य की 55 सीटों पर मतदान होगा। वहीं, तीसरे चरण में 59, चौथे चरण में 60, पांचवें चरण में 60 सीटों, छठे चरण में 57 और सातवें चरण में 54 सीटों पर मतदान होगा। 10 फरवरी को पहले चरण के मतदान के बाद 14 फरवरी को दूसरे चरण, 20 फरवरी को तीसरे चरण, 23 फरवरी को चौथे चरण, 27 फरवरी को पांचवें चरण, 3 मार्च को छठे चरण और 7 मार्च को सातवें चरण के लिए मतदान होगा। वहीं, यूपी चुनाव के नतीजे 10 मार्च को आएंगे। यूपी विधानसभा चुनाव 2017 में भाजपा ने 403 में से 325 सीटों पर जीत दर्ज की थी। सपा और कांग्रेस ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। सपा ने 47 और कांग्रेस ने 7 सीटें ही जीती थीं। मायावती की बसपा 19 सीटें जीतने में कामयाब रही थी। वहीं, 4 सीटों पर अन्य का कब्जा हुआ था।

### संसद में पहले दिन कई सांसदों ने किया कोविड प्रोटोकॉल का उल्लंघन

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के पहले दिन, दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में सोमवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के अभिभाषण के दौरान विभिन्न दलों के कई सांसद कोविड-19 से बचाव के लिए निर्धारित सामाजिक दूरी बनाए रखने के अहम नियम का उल्लंघन करते देखे गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, शीर्ष केन्द्रीय मंत्री और विभिन्न दलों के पहली दो पंक्तियों में बैठे सांसदों ने सामाजिक दूरी के नियम का पालन किया, लेकिन उनके पीछे की पंक्तियों में बैठे कई सदस्यों ने ऐसा नहीं किया। तीसरी पंक्ति में कई केन्द्रीय मंत्री भी बैठे थे। केंद्रीय कक्ष की कुछ बेंच में जहां पांच लोगों के बैठने की जगह थी, वहां सात सांसद बैठे दिखे। इस दौरान कई सांसद बात करते समय मास्क उतारे हुए नजर आए। कोविड-19 वैश्विक महामारी की तीसरी लहर के दौरान संक्रमण के मामले बढ़ने के बाद सांसदों के केंद्रीय कक्ष गैलरी के साथ-साथ लोकसभा और राज्यसभा कक्षों में बैठने की व्यवस्था की गई है।

## किसानों से की गई वादाखिलाफी, केंद्र ने घाव पर नमक छिड़कने का काम किया : राकेश टिकैत

**नई दिल्ली।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने सोमवार को केंद्र सरकार पर एक भी वादा पूरा नहीं करने का आरोप लगाया। संयुक्त किसान मोर्चा ने देश के 500 जिलों में सोमवार को विश्वासघात दिवस के रूप में प्रदर्शन किया। केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी की अलग-अलग सीमाओं पर किसानों का एक साल से अधिक समय तक आंदोलन चला था। किसान नेता राकेश टिकैत ने हैशटैग विश्वासघात दिवस का इस्तेमाल कर एक ट्वीट में लिखा कि देश के किसानों के साथ वादाखिलाफी कर किसानों के घाव पर नमक छिड़कने का काम किया गया है। किसानों के साथ हुए इस विश्वासघात से यह स्पष्ट है कि देश का किसान एक लंबे संघर्ष के लिए तैयार रहें। इससे पहले राकेश टिकैत ने रविवार को कहा था कि केंद्र सरकार ने दिल्ली में जो भी वादा किया है उसे पूरा करें। हम चुनाव से अलग हैं हमारा एक मत है हम भी किसी को दे देंगे। मैं किसी का समर्थन नहीं कर रहा। जनता सरकार से खुश होगी तो उन्हें वोट देगी, नाराज़ होगी तो किसी और को वोट देगी। गौरतलब है कि किसानों ने फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी समेत अन्य मांगों को लेकर एक साल से अधिक समय तक प्रदर्शन किया था।



## पंजाब में फिर बनाइए कांग्रेस सरकार, जनता के किए वादे पूरे नहीं होने पर राजनीति से ले लूंगा संन्यास : सिद्धू

**अमृतसर।** पंजाब में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी पारा ऊपर चढ़ने लगा है। पंजाब कांग्रेस प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू ने शिरोमणि अकाली दल (शिअद) नेता बिक्रम सिंह मजीठिया



पर निशाना साधा है और उन्हें परचा माफिया करार दिया। उन्होंने कहा मजीठिया ने कई लोगों के खिलाफ मामले दर्ज कराए, पर मैंने किसी के खिलाफ मामला दर्ज नहीं कराया। उन्होंने लोगों से कांग्रेस को एक फिर सत्ता में लाने की अपील करते हुए कहा अगर जनता से किए वादे पूरे नहीं किए तो राजनीति से संन्यास ले लूंगा। पंजाब कांग्रेस प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा बिक्रम सिंह मजीठिया ने कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। मैंने किसी के खिलाफ एक भी मामला दर्ज नहीं कराया है। सभी जानते हैं कि कांग्रेस एक मजबूत और सुरक्षित सरकार देगी। उन्होंने दावा किया कि हम नया पंजाब बनाने के लिए संकल्पित हैं। कांग्रेस में चल रही गुटबाजी को लेकर पूछे गए सवाल पर सिद्धू ने कहा कि कांग्रेस को कोई और नहीं खुद कांग्रेस ही हरा सकती है।



### कानपुर में इलेक्ट्रिक बस ने ली 6 की जान

## टाटमिल चौराहे पर हाई स्पीड बस ने 2 कार 10 बाइक, 2 ई-रिक्शा और राहगीरों को रौंदा

**कानपुर।** कानपुर में रविवार देर रात दिल दहला देने वाला हादसा हुआ है। टाटमिल चौराहे पर एक इलेक्ट्रिक बस ने 17 वाहनों को रौंद दिया। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 9 की हालत नाजुक है। बस वाहनों को टक्कर मारते हुए चौराहे पर बने ट्रैफिक बूथ से टकराकर हुए डंपर में घुस गई। पुलिस ने सभी घायलों को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया जा रहा है कि बस ने 2 कार, 10 बाइक व स्कूटी, 2 ई-रिक्शा और 3 टेंपो में टक्कर मारी। भीड़ जुटती देख ड्राइवर बस से कूदकर भाग निकला। पुलिस ने हादसा करने वाले बस ड्राइवर को 11 घंटे बाद गिरफ्तार कर लिया है। ष्ठष्टक्क प्रमोद कुमार ने बताया कि सिटी बस संख्या क्क 78 तञ्ज 3970 से यह हादसा हुआ। बस को सत्येंद्र कुमार चला रहा था, जो कि हादसे के बाद से भाग निकला था। सिटी बस सेवा के मैनेजर संचालन डीवी सिंह ने बताया कि हादसों के कारणों की पूछताछ की जा रही है। बस की टक्कर से दोनों कारें बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं। कार में सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कुछ राहगीर बस के टायर के नीचे भी आ गए। हादसे में लाटूश रोड पर रहने वाले 26 साल के शुभम सोनकर, 25 साल की ट्विंकल सोनकर, बेकनगंज में रहने वाले 24 साल के अर्सलान और नौबस्ता केशव नगर के अजीत कुमार की मौत हो गई।

**हत्या के मामले में दर्ज होगा मामला:** बस हादसे में डीएम नेहा शर्मा ने बताया कि रघुनाथपुर गजनेर, कानपुर देहात निवासी ड्राइवर सत्येंद्र सिंह यादव को अरेस्ट किया जा चुका है। उसके खिलाफ आईपीसी 302, 279, 337, 338 के तहत मामला दर्ज किया गया है। ड्राइवर नशे में था। उससे आगेकी पूछताछ की जा रही है।

**मृतकों को 5 लाख और घायलों को 1 लाख:** डीएम ने बताया कि हादसे में मृतकों को 5 लाख और घायलों को 1 लाख रुपए मुआवजा दिया जाएगा। वहीं बस की जांच के लिए टेक्निकल कमेटी गठित की गई है। फ़ोटो और वीडियोग्राफी के माध्यम से पूरे मामले की जांच की जा रही है।

**राहगीरों ने घायलों की मदद की:** दुर्घटना के बाद वहां भगदड़ मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। तुरंत ही पुलिस ने सड़क पर बैरिकेड लगवा कर राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया। सड़क के बीच से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाया जा रहा था। पास ही लगे CCTV कैमरे भी बस की टक्कर के बाद क्षतिग्रस्त होकर टूट गए। हादसे के बाद वहां से गुजर रहे लोगों ने घायलों की मदद की।

## दीदार तो हुए पर नहीं हुई बात की तर्ज पर संसद में आमने-सामने आए राहुल और स्मृति





**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के अभिभाषण के साथ आरंभ हो गया। सत्र के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई दिग्गज नेता यहां उपस्थित रहे। इस दौरान लंबे समय बाद मिले सांसद आपस में बातचीत करते नजर आए। वहीं अमेठी की मौजूदा सांसद स्मृति इरानी और यहीं के पूर्व सांसद राहुल गांधी की भी एक तस्वीर सामने आई है। इस तस्वीर में दोनों की नजरें तो मिलती है, लेकिन बातें नहीं होतीं। लोकसभा की सीढ़ियों पर दोनों नेता अलग-अलग छोर पर खड़े दिखते हैं, लेकिन नजरें एक-दूसरे को देख रही होती हैं। लेकिन दोनों के बीच कोई संवाद नहीं होता। एक तरफ राहुल गांधी कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल के पास खड़े दिखते हैं तो वहीं स्मृति इरानी केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी के साथ बात करती दिख रही हैं। राहुल गांधी पर अकसर स्मृति इरानी तीखा हमला बोलती रही हैं। 2014 में भी उन्होंने अमेठी से चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गई थीं। लेकिन 2019 में उन्होंने फिर राहुल के आगे चुनौती पेश की और जीत हासिल की। राहुल गांधी और स्मृति इरानी कभी आपस में बातचीत करते नजर नहीं आए हैं। आमतौर पर सांसद सत्र के बाद एक-दूसरे से मिलते-जुलते दिख जाते हैं। कई बार घोर विरोधी विचारधारा के नेता भी बेहद सौम्यता के साथ मिलते दिखते हैं। हालांकि संसद सत्र के दौरान स्मृति इरानी समाजवादी पार्टी के नेता मुलायम सिंह यादव का आशीर्वाद लेती दिखीं।

# शाहरुख और साई वेस्टइंडीज सीरीज में रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर रहेंगे : बीसीसीआई

## वन-टू-वन

### बायो-बबल से बचने आईपीएल से नाम वापस लिया : स्टार्क



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क कहा है कि बायो-बबल (जैव सुरक्षा घेरे) से बचने के लिए ही वह इस साल आईपीएल की मेगा नीलामी में शामिल नहीं हो रहे। स्टार्क ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया की ओर से अगले अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए वह अपने शरीर को तरोताजा और फिट रखना चाहते हैं। इसी कारण वह बायो-बबल से दूर रहेंगे। वह बायो-बबल में 22 सप्ताह और नहीं रहना चाहते हैं। इसलिए पहले ही उन्होंने नीलामी से अपना नाम वापस ले लिया है। स्टार्क ने कहा कि मैंनें आईपीएल नीलामी में इसलिए हिस्सा नहीं लिया क्योंकि मैं बायोबल में 22 सप्ताह और नहीं रहना चाहता था। मुझे शरीर को ताज़ा करने के लिए कुछ समय चाहिए। इसलिए मैं ऑस्ट्रेलियाई टीम के मैचों को अधिक प्राथमिकता दे रहा हूं। स्टार्क ने साथ ही कहा कि अगले साल में आईपीएल में वापसी करुंगा पर पहले ऑस्ट्रेलिया के लिए जितना हो सके उतना खेलना चाहता हूं। कई प्रारुपों में खेलने के कारण ही मैंने यह निर्णय लिया है। मुझे उन आठ हफ्तों में पत्नी एलिसा और परिवार के साथ बाहर समय बिताने का अवसर मिलेगा।

### आईपीएल के 15 वें सत्र में नजर नहीं आयेंगे रुट

**होबार्ट।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के टेस्ट कप्तान जो रूट ने कहा है कि वह आईपीएल की मेगा नीलामी में शामिल नहीं होंगे ओर इसकी जगह मुश्किल दौर से गुजर रही अपनी टीम की सहायता करेंगे। रूट ने 2018 की नीलामी में नहीं बिकने के बाद से आईपीएल का कोई सत्र नहीं खेला है। पिछले सप्ताह उन्होंने कहा था कि वह मेगा नीलामी में शामिल होने की सोच रहे हैं।उन्होंने यह भी कहा था कि वह आईपीएल तभी खेलेंगे जब इसका असर उनके टेस्ट कैरियर पर नहीं हो।उन्होंने कहा ,'' इस टीम में काफी सुधार की जरूरत है। इसके लिये मेरी सारी ऊर्जा चाहिये। मेरे लिये टेस्ट क्रिकेट सर्वोपरि है और उसके लिये मैं सब कुछ छोड़ सकता हूं।'' उन्होंने इसकी पुष्टि की कि आईपीएल नीलामी में शामिल होने का प्रस्ताव उन्होंने ठुकरा दिया है।

### टीम के साथ बायो-बबल में रहेंगे

**मुम्बई।** कोरोना संक्रमण के खतरे को देखते हुए तमिलनाडु के बल्लेबाज एम शाहरुख खान और स्पिनर रवि श्रीनिवास साई किशोर को वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली छह मैचों की सीमित ओवरों की सीरीज के लिए रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर भारतीय टीम में जगह दी गयी है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक अधिकारी के अनुसार हाल में शाहरुख ओर रवि का घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन अच्छा रहा है। इन दोनो को इसलिए शामिल किया गया है ताकि अगर संक्रमण से किसी खिलाड़ी को बाहर होना पड़ा तो विकल्प के तौर पर इन्हें शामिल किया जा सकता है। बीसीसीआई अधिकारी के अनुसार ये दोनो ही खिलाड़ी मुख्य टीम के खिलाड़ियों के साथ बायो-बबल (जैव सुरक्षित माहौल) में भी रहेंगे। भारत ओर वेस्टइंडीज के बीच 6 फरवरी से सीमित ओवरों की तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज शुरु होगी। यह सीरीज अहमदाबाद में खेली जाएगी। इसके बाद तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज कोलकाता में होगी। स्पिनर साई गत वर्ष श्रीलंका दौरे पर




गई भारतीय टीम में नेट गेंदबाजों के समूह में शामिल थे। वह दूसरी बार राष्ट्रीय टीम में शामिल किये गये हैं। वहीं बल्लेबाज शाहरुख पिछले कुछ समय से अपने बेहतर प्रदर्शन के कारण टीम में जगह के दावेदार बने हुए हैं। इस सत्र में कर्नाटक के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में उन्होंने अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

### अंगकृष को विरासत में मिला है खेल

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के अंडर 19 विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद एक क्रिकेटर अंगकृष रघुवंशी की की जमकर तारीफ हो रही है। अंगकृष की इस आक्रामक बल्लेबाजी को देखते हुए उन्हें भविष्य का स्टार क्रिकेटर भी माना जा रहा है। अंगकृष ने इस टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अर्धशतक लगाने के बाद युगांडा के खिलाफ शतकीय पारी खेली। वह अब तक इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं। अंगकृष को खेल विरासत में ही मिला है। उनके माता-पिता दोनो ने भारत की ओर से खेला है। अंगकृष की मां मलिका ने बास्केटबॉल में भारत का प्रतिनिधित्व किया, जबकि पिता अवनीश टेनिस खिलाड़ी रहे हैं। घरे में खेल का माहौल मिलने से अंगकृष का रुझान भी खेलों की ओर रहा पर मां और पिता के खेल की जगह वह क्रिकेटर बने। वहीं उनके भाई कृषांग टेनिस खेलते हैं। क्रिकेट की ओर उनकी रुचि बचपन से थी जिसके कारण पिता ने उन्हें मुंबई भेज दिया। जहां 11 साल की उम्र में उन्होंने पूर्व भारतीय क्रिकेटर अभिषेक नायर से कोचिंग ली। अंगकृष ने 15 साल की उम्र में ही वीनू मांकड ट्रॉफी में 4 मैचों में 2 अर्धशतक सहित कुल 214 रन बना दिए थे और तभी इस क्रिकेटर की ओर लोगों का ध्यान गया।

### ब्रेसनन ने खेल को अलविदा कहा

**लंदन।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर टिम ब्रेसनन ने खेल को अलविदा कह दिया है। ब्रेसनन काउंटी टीम वारविकशायर की ओर से खेलते हैं। उसने भी ब्रेसनन के खेल को अलविदा कहने की बात मानी है। ब्रेसनन ने कहा कि संन्यास का यह फैसला बेहद कठिन रहा पर तकालीन प्रशिक्षण में लौटने के बाद मुझे लगा कि यह सही समय है। मैंने काउंटी में अपने 21वें पेशेवर वर्ष की तैयारी के लिए पूरे ऑफ-सीजन में कड़ी मेहनत करना जारी रखा लेकिन मुझे लगता है कि मैं अब अपने और अपने साथियों के लिए उच्च स्तर का प्रदर्शन नहीं कर पाता। उन्होंने कहा कि मैं जिस खेल से प्यार करता हूं, उसके लिए मेरे पास जो उत्साह है, वह मुझे कभी नहीं छोड़ेगा, मैं 2022 सीजन से निपटने के लिए तैयार हूं लेकिन मेरा शरीर नहीं। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा अपने करियर और वारविकशायर को बड़े गर्व के साथ देखूंगा और देश का प्रतिनिधित्व करना एक पूर्ण सम्मान की बात है। बड़े होकर मैंने कभी विश्वास नहीं किया होगा कि मैं कुछ बेहतरीन क्रिकेटरों के साथ और कुछ बेहतरीन क्रिकेटरों के खिलाफ खेलने के लिए कितना भाग्यशाली था। वारविकशायर क्रिकेट के अनुसार अपने प्रथम श्रेणी करियर में ब्रेसनन ने 7,138 रन बनाए जिसमें 7 शतक और 9 बार पांच विकेट लेने के साथ कुल 575 विकेट शामिल हैं। ब्रेसनन इंग्लैंड की उस टीम का भी हिस्सा थे जिसने पहली बार 2010 विश्व टी20 ट्रॉफी हासिल की थी।

# रुट से कहीं बेहतर हैं विराट: इयान चैपल

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर इयान चैपल ने भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली की जमकर प्रशंसा की है। पूर्व कप्तान चैपल ने कहा कि विराट ने भारतीय टीम को शीर्ष स्तर पर पहुंचाया है। चैपल ने कहा कि इंग्लैंड के जो रूट भी एक अच्छे बल्लेबाज हैं पर उनकी कप्तानी अच्छी नहीं रही है। चैपल ने कोहली और रूट की कप्तानी शैली में अंतर का बताते हुए कहा , ''यह दो क्रिकेट कप्तानों की कहानी है। एक अपने काम में बहुत अच्छा तो दूसरा नाकाम रहा।'' चैपल ने कहा, ''इसमें कोई संदेह नहीं है कि कोहली कप्तान के रूप में असाधारण थे। उन्होंने अपने उत्साह पर अंकुश नहीं लगाया, लेकिन फिर भी वह भारतीय टीम को उच्च स्तर तक ले जाने में सक्षम थे। उप कप्तान अजिंक्य रहाणे के रूप में अच्छे सहयोगी की मदद से उन्होंने भारत को विदेशों में सफलता दिलायी और



ऐसा किसी अन्य कप्तान ने नहीं किया।'' वहीं चैपल ने रूट को लेकर कहा, ''किसी भी अन्य कप्तान की तुलना में ज्यादा मैचों में अपने देश की अगुवाई करने के बाद भी कप्तानी में असफलता का नाम रूट है। रूट अच्छा बल्लेबाज है लेकिन कमजोर कप्तान है।'' चैपल ने कहा कि कोहली ने किस तरह से भारत के दो सफल कप्तानों सौरव गांगुली और महेंद्र सिंह धोनी की विरासत को आगे बढ़ाया वैसा रुट नहीं कर पाये।

### आईपीएल की 10 टीमों में 80 विदेशियों को मिल सकता है अवसर

**मुम्बई।** आईपीएल के 15वे सत्र में इस बाद आठ की जगह दस टीमें उतरेंगी। आईपीएल में इस बार दो नई टीमें लखनऊ और अहमदाबाद जुड़ी हैं। ऐसे में अधिक तादाद में खिलाड़ियों को अवसर मिलने के साथ ही मैच भी ज्यादा होंगे। अभी तक 10 टीमों ने 33 खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ा है। इसमें 10 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। इस प्रकार एक टीम अपने साथ 8 विदेशी खिलाड़ियों को जोड़ सकती है और कुल मिलकर 10 टीमों में 80 विदेशियों को अवसर मिल सकता है। 10 विदेशी खिलाड़ियो ने नीलामी से पहले ही विभिन्न टीमों में जगह बना ली है।






# बेबस पिता बोला, नाव दो बार हिली और पलट गई, मेरी आंखों के सामने बेटा डूब गया





## तीन दिन बाद ही नहीं मिले शव, जिला प्रशासन रात दिन कर रहा मेहनत

भिण्ड। जिले के नया गांव थाना क्षेत्र में सिंध नदी में नाव पलटने से एक बालिका, एक बालक पानी में समां गया। इन दोनों बच्चों के शव की तलाश पिछले तीन दिन से की जा रही है। तीसरे दिनभी गोताखोरों की तलाश अधूरी रही। इधरए नदी के किनारे पथराई आंखों के साथ नदी में डूबने वाले लडका और लडकी, दोनों के पिता एक टकटकी लगाए बैठे हैं। नदी में डूबे दोनों बच्चे के पिता आखिरी बार कलेजे के टुकडों को देखना चाहते है। वे तीसरे दिन भी अधूरी आस के साथ अपने-अपने घर शाम ढलने के बाद लौटे।

## नदी में डूबने से इन दोनों बच्चों की हुई मौत

मृतक ओम के पिता सुभाष का कहना है कि मैं अपने बच्चे के साथ तेहनगुर में भंडारे में शामिल होने आया था। सभी बच्चे नाव में सवार होकर नदी पार करने लगे। नाव को एक बुजुर्ग और एक लडका चला रहा था। इन दोनों से नाव नहीं संभली और वो बीस से पच्चीस फीट दूर पानी में चले गए। नाव दो बार पानी में हिली। मेरे पास मेरे कुछ महिलाएं खडी थी। जिन्होंने चिल्लाकर नाव में सवार सभी को सचेत किया। देखते ही देखते नाव पानी में पलट गई। इसके बाद बचाव के लिए गए। सभी को बाहर निकाल लिया गया। ओम की हर ओर तलाश कीए वो मिला नहीं।

## मुझे बाद में पता चला द्रोपदी इसी नाव में थी

वहीं बालिका द्रोपदी के पिता सुखदेव बघेल का कहना है मैं दूसरे किनारे पर था। नाव पलटी तो मैं भी बचाव के लिए पानी में तैरकर पहुंचा। सभी को बाहर निकालने के बाद पता चला कि मेरी बेटी भी द्रोपदी इस नाव सवार थी जोकि डूब गई। इसके बाद उसका कोई पता नहीं चला।

## 20 गोताखोर, 3 वोट की मदद से की तलाश

घटना के तीसरे दिन रविवार को सिंध नदी के डूबने वाले दस वर्षीय बालक ओम और द्रोपदी की शव की तलाश के लिए एनडीआरएफकी तीन वोट और बीस गोताखोरों की टीम उतरी। करीब दस किलोमीटर दूर तक जाल नदी में फेंककर दोनों बच्चों के शवों की तलाश की जाती रही। सुबह से शाम तक गांव के गोताखोरए तैराक पानी में शवों की तलाश करते रहे। इधर, हिलगवां और टेहनगुर गांव के लोग व मृत बालिकों के परिजन भी नदी में पर मौजूद रहे।

## विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेलों का आयोजन 2 फरवरी से 8 फरवरी तक

भिण्ड । मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भिण्ड जेके जैन ने जिले के समस्त विकास खण्ड प्रबंधक म.प्र. डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को पत्र जारी कर निर्देशित किया है कि बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सुरक्षा गार्ड के लिए पंजीयन शिविर का आयोजन 2 फरवरी 2022 से 8 फरवरी 2022 तक जिले के विकास खण्डो में रोजगार मेलो का आयोजन कराना सुनिश्चित करें।

विकास खण्ड मेहगांव अन्तर्गत 2 फरवरी 2022 को जनपद पंचायत मेहगांव में, विकास खण्ड गोहद अन्तर्गत 3 फरवरी 2022 को जनपद पंचायत गोहद में, विकास खण्ड अटेर अन्तर्गत 4 फरवरी 2022 को जनपद पंचायत अटेर में, विकास खण्ड लहार अन्तर्गत 5 फरवरी 2022 को जनपद पंचायत लहार में, विकास खण्ड रौन अन्तर्गत 7 फरवरी 2022 को जनपद पंचायत रौन में एवं विकास खण्ड भिण्ड अन्तर्गत 8 फरवरी 2022 को जनपद पंचायत भिण्ड में रोजगार मेले का आयोजन किया जावेगा। आप अपनी जनपद पंचायत क्षेत्र के सभी इच्छुक बेरोजगार युवाओं को सूचित कराये साथ ही आजीविका मिशन के कर्मचारियों के माध्यम से उक्त पंजीयन कार्य के लिए जनपद पंचायत कार्यालय में एक कक्ष उपलब्ध कराते हुए आवश्यक सहयोग प्रदान कराना सुनिश्चित करें। चयनित उम्मीदवार को 350 रूपये शिविर के दौरान एवं प्रशिक्षण किट का 10500 प्रशिक्षण के दौरान भुगतान स्वयं करना होगा।

एसआईएस रीजनल ट्रेनिंग अकेडमी नई दिल्ली नजफगड के भर्ती अधिकारी गंगाप्रसाद ने बताया कि प्रातः10 बजे से सायं 4 बजे तक भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। वेरोजगारो को रोजगार से जोडने के लिए सरकार की मुहिम को साकार करने के लिए कोविड-19 की गाईडलाईन का पालन, सोशल डिस्टेसिंग को ध्यान में रखकर मास्क लगाकर इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थी जिनकी योग्यता सुरक्षा जवान हेतु योग्यता कक्षा 10वीं पास उम्र 21 से 37 वर्ष, लम्बाई 167.5 से.मी. एवं सुपरवाईजर हेतु 12वीं पास उम्र 21 से 35 वर्ष लम्बाई 170 से.मी. रखने वाले आवेदन कर सकते है। साथ में दो पासपोर्ट साईज के फोटो, 10 वीं की मार्कसीट एवं आधार कार्ड की फोटो कॉपी के साथ उपस्थित हो सकते है।

# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करें, समस्त अधिकारी अन्यथा होगी कार्यवाही : कलेक्टर

### सीएम हेल्पलाइन में कम संतुष्टि पर कलेक्टर ने कई अधिकारियों का काटा एक सप्ताह का वेतन

### समय सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न



भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में समय सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक कलेक्टर सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत प्राप्त शिकायतों, ग्रेडिंग पिरीयड की शिकायतों, समय-सीमा में प्राप्त पत्रों एवं विभिन्न निर्माण विभागों अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

इस बैठक में सीईओ जिला पंचायत जेके जैन, अपर कलेक्टर प्रवीण फुपलगारे, संयुक्त कलेक्टर वरूण अवस्थी, एसडीएम भिण्ड-अटेर उदयसिंह सिकरवार, सीएमएचओ डॉ अजीत मिश्रा सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की विभागवार विस्तृत समीक्षा कर समस्त अधिकारियों को शिकायतों का निराकरण संतुष्टिपूर्वक कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचयाती राज की शिकायतों में कम संतुष्टि होने पर गोहद एवं अटेर के पंचायत इन्स्पेक्टर एवं एई का एक सप्ताह का वेतन काटने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। इसी प्रकार कम संतुष्टि पर सीएमओ सतीश दुबे, सीएमओ रामभान सिंह एवं सीएमओ द्वारका प्रसाद शर्मा का एक सप्ताह का वेतन काटने एवं सीएमओ भिण्ड को कारण बताओ नोटिस जारी करने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। कलेक्टर ने समस्त एसडीएम, सीएमओ, डीएसओ एवं जेएसओ को उनके क्षेत्र की पीडीएस दुकानो का निरीक्षण करने एवं वितरण एवं उपलब्ध राशन संबंधी जानकारी प्राप्त करने निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत शेष बचे पात्र हितग्राहीयों हेतु अभियान चला कर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कार्ड बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर द्वारा जिले में विभिन्न निर्माण विभागों के चल रहे कार्यों के संबंध में विभागवार समीक्षा कर कार्यों की वर्तमान स्थिति जानने के साथ उनका कार्य शीघ्र पूर्ण करने निर्देश भी संबंधित निर्माण विभाग को दिए गए। कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के सब इंजीनियर आरके यादव का बैठक में बिना जानकारी उपस्थित होने पर एक सप्ताह का वेतन काटने के साथ ही ईई जल संसाधन को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित को दिए।

# स्वास्थ्य विभाग के सीएचओ एवं महिला बाल विकास विभाग के पर्वेक्षको की संयुक्त बैठक ली



भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने मेहगांव में स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त रूप से बैठक ली। बैठक में उन्होंने एनीमिया, गर्भवती एवं टीकाकरण के संबंध में की जा रही कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली। बैठक में सीएमएचओ अजीत मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अब्दुल गफ्फार के अलावा सीडीपीओ, सीएचओ एवं सुपरवाईजर उपस्थित थे।

कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने बैठक में सीएचओ एवं महिला एवं बाल विकास की सुपरवाईजरो से जानकारी चाही कि आपके द्वारा एनीमिया, गर्भवती, टीकाकरण एवं कुपोषण के संबंध में कब-कब बैठक ली गई और क्या कार्यवाही की गई। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त रूप से कार्य करने से गांव में एनीमिया, कुपोषण, गर्भवती एवं अन्य टीकाकरण की जानकारी एकत्रित की जाकर डेटा ऑनलाईन फीड करने में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि जो कार्य महिला एवं बाल विकास की सुपरवाईजर, आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं सहायिका के द्वारा किया जाता है वहीं कार्य स्वास्थ्य विभाग के सीएचओ एवं आषा कार्यकर्ता के द्वारा किया जाता है। जब दोनो विभाग एक साथ मिलकर कार्य करेंगे तब कार्य में प्रगति आएगी। उन्होंने कहा कि कलस्टर लेवल पर बैठक प्रत्येक शनिवार को दोपहर 1 से 3 बजे तक ली जावे। दोनो ही विभाग के कर्मचारी जब गांव में गर्भवती महिला, कुपोषण से पीडित बच्चों को चिन्हांकित कर डेटा ऑनलाईन फीड करे। उन्होंने सीएचओ एवं महिला एवं बाल विकास की सुपरवाईजर को निर्देषित किया कि कलस्टर लेवल पर मीटिंग में की गई कार्यवाही की जानकारी उपलब्ध कराई जावे। उन्होंने कहा कि दोनो ही विभाग के कर्मचारी समन्वय से कार्य करेंगे तो प्रगति अच्छी आएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सट्टे की पर्ची लिखते हुए युवक गिरफ्तार

भिण्ड। गोरमी थाना क्षेत्र के ग्राम सीताराम की लावन में एक युवक सट्टे की पर्चियां लिख रहा था, जिसकी सूचना मिलते ही उसे दबोचकर हिरासत में लिया और उसके पास से सट्टे की पर्ची सहित नगदी जब्त की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार रविवार रात 11 बजे सकील पुत्र रसीद खान निवासी सीताराम की लावन जो गांव में पर्ची लिख रहा था, सूचना मिलते ही हिरासत में लिया और उसके पास से तीन सट्टे की पर्ची सहित 1150 रुपये की नगदी जब्त की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

भिण्ड। देहात थाना क्षेत्र के वंशी होटल के सामने इटावा रोड पर एक अज्ञात वाहन ने तेज व लापरवाही से चलाते हुए सडक पर जा रहे युवक को टक्कर मार दी, जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार सतेन्द्रसिंह चौहान पुत्र स्व. अनुरूद्ध सिंह चौहान निवासी शिवा कॉलोनी मैनपुरी फाटक थाना सिविल लाइन इटावा उप्र ने बताया विगत 29 जनवरी रात 10.15 बजे उसका लड़का क्षेत्र के इटावा रोड पर स्थित वंशी होटल के सामने से गुजर रहा था, इसी दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया जिसके बाद परिजनों ने इलाज के लिए भर्ती कराया और इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया।

### दुकान के अंदर से गल्ला व नगदी चोरी

भिण्ड। देहात थाना क्षेत्र के उमंग वाटिका के बगल से स्थित दुकान के अंदर से अज्ञात चोर गल्ला व नगदी चोरी कर ले गये। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार राजेश पुत्र सुखलाल कटारे निवासी शिवाजी नगर गली नं.3 ने बताया उमंग वाटिका के बगल से उसकी दुकान है जिसमें अज्ञात चोरों ने शनिवार रात दुकान में घुसकर सरसों की बोरी, पीना की बोरी 10 एवं 8 कुंटल बाजरा तथा मिल में रखी गोल जिसमें नगदी सहित 49 हजार रुपये का माल चोरी कर ले गये।

# मोदी भाजपा सरकार ने किसानों के साथ किया विश्वासघात : मोर्चा



भिण्ड। किसान फसलें उगाना भी जानता है सरकारों को मताधिकार के द्वारा बनाना बिगड़ना भी जानता है किसानों के साथ जो विश्वासघात करें उसकी चुनावों में खाट खड़ी भी करना जानता है 3 फरवरी से संयुक्त किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश और उत्तर उत्तराखंड में पर यात्राएं डोर टू डोर संपर्क भाजपा मोदी सरकार के खिलाफ अभियान चलाएगा तीनों कृषि कानूनों के खिलाफ 13 महीने तक चले किसान आंदोलन में 700 से ज्यादा किसान शहीद हो गए तब जाकर मोदी सरकार ने तीनों कृषि कानून वापस लिए एक दिसंबर को किसानों और भाजपा सरकार के प्रतिनिधियों के बीच एक लिखित समझौता हुआ जिसमें फसलों के खरीदने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के लिए एक कमेटी सरकार के प्रतिनिधियों किसान नेताओं कृषि वैज्ञानिकों की कमेटी बनाई जाएगी इस पर मोदी सरकार ने अभी तक कोई कार्य नहीं किया किसान आंदोलन के दौरान किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने का भी सरकार ने प्रस्ताव रखा था लेकिन किसान आंदोलन खत्म होने के बाद सरकार ने किसानों पर दर्ज एक भी मुकदमा वापस नहीं लिया दूसरी तरफ बिजली बिल 2021 एवं पराली कानून 2021 को वापस लेने का भी सरकार ने प्रस्ताव रखा था लेकिन 1 दिसंबर के बाद सरकार ने इन प्रस्तावों पर कोई आगे कदम नहीं उठाया जो भाजपा मोदी सरकार द्वारा किसानों के साथ विश्वासघात है किसानों के हत्यारे केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा का को बर्खास्त करने की भी मांग ज्ञापन में लिखी गई संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीयआह्वान किया 31 जनवरी 2022 को भाजपा मोदी सरकार के खिलाफ किसान विश्वास घात दिवस मनाएंगे जिसके लिए जिला स्तर एवं तहसील स्तर से संयुक्त किसान मोर्चा में शामिल संगठन राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजेंगे भिंड जिले में आज संयुक्त किसान मोर्चा ने उप जिलाधीश फुलकरे के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा ज्ञापन पर मुख्य रूप से हस्ताक्षर करने वालों में देवेंद्र सिंह चौहान एडवोकेट राजीव दीक्षित नरेंद्र सिंह सेंगर विनोद सुमन सूरज रेखा त्रिपाठी अनिल दौनेरिया रामचंद्र भदौरियाआदि ने हस्ताक्षर किये।

# राहुल जैन को मिली पी.एच.डी. की उपाधि



भिण्ड। जिले के राहुल जैन को जीवाजी विश्वविद्यालय द्वारा वाणिज्य संकाय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। भारतीय जीवन बीमा निगम की स्वास्थ्य बीमा योजनाओं का विश्लेषणात्मक अध्ययन, मार्गदर्शक डॉ. अनुजा भदौरिया, प्राचार्य आदित्य कॉलेज ग्वालियर, सहमार्गदर्शक डॉ. प्रदीप गुप्ता प्राध्यापक वाणिज्य विभाग एल.एल.बी.शा. उत्कृष्ट महाविद्यालय ग्वालियर के मार्गदर्शन में शोध कार्य पर उपाधि प्राप्त की है। मुझे विशेष सहयोग प्रो. के.एल ठाकुर विभागाध्यक्ष वाणिज्य एवं व्यवसाय अध्ययन शाला जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर द्वारा प्राप्त हुआ है। पीएचडी उपाधि प्राप्त करने पर डॉ. अनीता जैन प्राचार्य जैन महाविद्यालय एवं प्रो. राजेश जैन, प्रो. हरेन्द्र शर्मा, डॉ. कौशलेन्द्र भदौरिया, डॉ.संध्या शर्मा ने प्रसन्नता जाहिर की है।

फोटो नम्बर-04

## कार्यालय प्रमुख लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण एक सप्ताह में कराये :कलेक्टर

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने कार्यालय प्रमुखों को निर्देषित किया है कि उनके यहां लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण एक सप्ताह में कराना सुनिष्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि आईएफएमआईएस परियोजनान्तर्गत पेंशन माड्यूल के माध्यम से पेंशन प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में कराने हेतु लिखा गया था। किन्तु आपके द्वारा आज तक सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण निराकरण हेतु जिला पेंशन कार्यालय को नहीं भेजे गये है। सेवानिवृत्त उपरांत शासकीय सेवको के पेंशन प्रकरणों का निराकरण शासन की मंशा अनुरूप समय सीमा में किया जाना हैं किन्तु आपके द्वारा उक्त आदेशो की अव्हेलना की जा रही है जो अत्यन्त खेदजनक है। अतः आप एक सप्ताह में कार्यालय में लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करें ।

## सेवा की भूमिका में बदलाव....?

प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदर दास मोदी ने अपने अब तक के नब्बे मासी शासनकाल में समय-समय पर अपनी सेवा की भूमिकाओं में बदलाव किया है, अपने पहले प्रधानमंत्रित्वकाल में जहां उन्होंने ''प्रथम जनसेवक'' के रूप में भारत के विदेशी सम्बंधों पर विशेष ध्यान दिया, वहीं अब अपने दूसरे शासनकाल के अंतिम सवा दो साल की अवधि के लिए 'प्रथम सुधारक' की सेवा भूमिका को अंगीकार किया है। अपनी प्रथम सेवक की भूमिका के साथ उन्होंने कितना न्याय किया, यह तो फिलहाल यह देश क्या वे स्वयं बताने की स्थिति में नहीं है और अब अपनी बदलती हुई, सेवाभावना में किस सीमा तक 'सुधारक' सिद्ध होते है, यह भविष्य के गर्भ में है। क्योंकि उनकी सरकार यह मानती है कि आजादी से अब तक के पचहत्तर सालों में देश में इतनी गलतियां की गई है कि उन्हें प्रथम सुधारक जी अगले कुछ शेष महीनों में सुधार पायेगें, इसके प्रति वे स्वयं आशंकित है? और इन तमाम गलतियों को गिनाने वालों की आज कोई कमी नहीं है, जिसकी शुरूआत वे भारत के विभाजन से कर रहे हैं, क्या माननीय प्रधानमंत्री जी अपने कथित संरक्षक संगठन के प्रमुख की भावना का आदर कर गलतियों में सुधार की शुरूआत इसी गलती को सुधारकर अर्थात् पुनः अखण्ड भारत की कल्पना को साकार कर करेगें? ....किंतु सबसे बड़ा आज का सवाल यही है कि क्या अब फिर से भारत-पाक को एक किया जा सकता है? जिसका स्वप्न संघ प्रमुख देख रहे हैं? और यदि संघ प्रमुख तत्कालीन ब्रिटिश शासन को इस विभाजन का दोषी मानते है तो फिर पिछ्ले पचहत्तर सालों में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जैसे विचारक व देशभक्त प्रधानमंत्रियों ने इस गलती को सुधारने का प्रयास क्यों नहीं किया? और अब यही अपेक्षा मोदी जी से क्यों नहीं की जा रही? ....खैर, अभी तो हमारे ये आधुनिक भाग्यविधाता यही तय नहीं कर पा रहे है कि वे अखण्ड भारत चाहते है या हिन्दू राष्ट्र? और हिन्दू राष्ट्र के पीछे इनका मंतव्य क्या है? क्या भारत में केवल हिन्दू रहेगा? या वे भारत-पाक का फिरसे एकीकरण कर अखण्ड भारत देखना चाहते है? अब मौजूदा 'नए सुधारक' महोदय कहां-कहां कितना सुधार करते है और पूर्व सरकारों की कितनी गलतियों को सुधारते है? यह तो फिलहाल बताना हर किसी के लिए मुश्किल है किंतु यह सही है कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने चाहे किसी भी मकसद से हो नेताजी सुभाष चंद्र बोस की सवा सौवीं जयंति पर याद कर दिल्ली के प्रसिद्ध इंडिया गेट पर उनकी प्रतिमा स्थापित करने का फैसला लिया और पूर्व सरकारों की गलतियां सुधारने का श्रीगणेश किया, यही क्या कह है, इसके साथ ही प्रधानमंत्री जी ने गाँधी जी की प्रिय धुन ''अबाईड विथ मी'' को गणतंत्र दिवस की शानदार '''बीटिंग रिट्रीट'' से हटाकर कौनसी व किसकी भावना में सुधार किया? यह समझ से परे है? वैसे आज से ठीक एक साल पहले गणतंत्र दिवस पर हमारे राष्ट्र ध्वज तिरंगे का जो सार्वजनिक रूप से अपमान हुआ था, वह भी भुलाया नहीं जा सकता, इसलिए इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर केन्द्र सरकार को विशेष रूप से सतर्क रहना होगा। हाँ.... तो चर्चा सुधारक श्रृंखला की चल रही थी, आज नेहरू के जमाने के पंचशील सिद्धांत में नहीं है, उन्ही के तहत 'धर्म निरपेक्ष' भारत की जो कल्पना की गई थी, वह भी अब धुमिल हो चुकी है क्योंकि अब लगभग सभी राजनीति दल धर्म आधारित हो गए है, जिनमें प्रमुख भारतीय जनता पार्टी है जो हिन्दू राष्ट्र के नाम पर देश का पुर्नगठन करने का सपना देख रही है, नेहरूकाल के इन्हीं पंचशील सिद्धांतों की आँखों से 'सुखद व प्रगतिशील भारत' का स्वप्न देखा गया था।

# अपनों ने दिया भाजपा को झटका

**रमेश सर्राफ धमोरा**

पार्टी विद डिफरेंस की टैग लाइन के साथ राजनीति में खुद को अन्य सभी पार्टियों से अलग व श्रेष्ठ बताने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इन दिनों अपनों द्वारा दिए जा रहे झटकों से उबर नहीं पा रही है। देश के पांच राज्यों उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। पांचो प्रदेशों में चुनाव लड़ने वाले सभी राजनीतिक दलों द्वारा अपने-अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की जा रही है। इसी दौरान विभिन्न पार्टियों के नेताओं द्वारा दलबदल का खेल भी जोरों से चल रहा है। इस दौरान सबसे अधिक झटका भाजपा को लगा है। कुछ वर्षों पूर्व सत्ता के लालच में भाजपा में शामिल होकर सत्ता का सुख भोगने वाले नेता ऐन चुनाव के वक्त भाजपा छोड़कर दूसरे दलों में शामिल होने लगे हैं।

भाजपा नेताओं के दल बदल के लिए जिम्मेदार भी पार्टी के बड़े नेता ही है। 2014 में नरेंद्र मोदी को आगे कर लोकसभा चुनाव लड़ने के दौरान भाजपा ने अपनी मूल विचारधारा को ताक पर रखकर दूसरे दलों से आने वाले सभी नेताओं को धड़ल्ले से पार्टी में शामिल कर उनको चुनाव में प्रत्याशी भी बना दिया था। उसके बाद से ही चाहे प्रदेशों में विधानसभा के चुनाव हो या 2019 का लोकसभा चुनाव। भाजपा ने किसी भी दल से आने वाले नेता को अछूत नहीं समझा और पार्टी में शामिल कर लिया।

भाजपा के बढ़ते जनाधार को देखकर दूसरे दलों के बहुत से ऐसे मौकापरस्त नेता जिनकी अपने दलों में दाल नहीं गल रही थी। वो सभी भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ने भी दूसरे दलों से आने वाले नेताओं को भरपूर उपकृत किया। उन्हें विधानसभा व लोकसभा का चुनाव भी लड़वाया तथा चुनाव जीतने पर उनको मंत्री भी बनाया। ऐसे में दल बदल कर पार्टी में आने वाले नेताओं के क्षेत्रों में वर्षों से भाजपा के लिए काम करने वाले पार्टी नेताओं को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया। दल-बदलू नेताओं को भाजपा में पूरी तरहीज मिली। इसका फायदा उठाकर उन्होंने जहां आर्थिक रूप से मजबूती प्राप्त की वही पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर अपने समर्थकों को विभिन्न पदों पर बैठाया। इससे पार्टी के मूल कार्यकर्ताओं में निराशा व्याप्त होने के कारण वह धीरे-धीरे मुख्यधारा से से किनारे हो गए।

लंबे समय तक सत्ता का दोहन करने के कारण अन्य दलों से भाजपा में आये बहुत से नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगने लगे। उनके नाम के साथ कई तरह के विवाद जुड़ गए। ऐसे में चुनाव नजदीक आने पर जब उन्हें पार्टी में फिर से टिकट नहीं मिलने का अंदेशा हो गया तो उन्होंने अपने पद पर रहते ही भाजपा विरोधी किसी अन्य पार्टी में शामिल हो गए। इससे एक तो चुनाव के वक्त पार्टी छोड़ने से जहां भाजपा की हवा खराब हुई। वहीं पार्टी के सामने एकाएक मजबूत प्रत्याशी खड़ा करना मुश्किल हो गया। दूसरे दलों से भाजपा में आए कई नेताओं ने तो पद पर रहते ही भाजपा को अलविदा कह कर पार्टी की किरकिरी भी कराई।

2014 के लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस से भाजपा में आए नाना पटोले ने भाजपा टिकट पर प्रफुल्ल पटेल जैसे दिग्गज नेता को पराजित किया था। मगर तीन साल बाद ही उन्होंने भाजपा व सांसद से इस्तीफा देकर कांग्रेस की सदस्यता ले ली थी। नाना पटोले के इस्तीफे देने के बाद भंडारा गोंदिया लोक सभा सीट पर हुए उपचुनाव में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के मधुकर राव कुकड़े ने भाजपा प्रत्याशी हेमन्त श्रवण पटेल को हरा दिया था। उस उप चुनाव में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को कांग्रेस का भी समर्थन प्राप्त था। पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान दूसरी पार्टी से भाजपा में आए उत्तर पश्चिम दिल्ली में सांसद उदित राज, उत्तर प्रदेश में बहराइच के सांसद रही सावित्रीबाई फुले, आजमगढ़ से पूर्व सांसद रमाकांत यादव, हिमाचल प्रदेश के सुखराम जैसे कई बड़े नेताओं ने भाजपा छोड़कर दूसरे दलों का दामन थाम लिया था। जो कुछ



वर्षों पूर्व ही दूसरी पार्टियों से भाजपा में आए थे।

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पूर्व मुकुल राय सहित बहुत से बड़े नेता भाजपा में शामिल हुए थे। सभी को बंगाल में भाजपा सरकार बनती दिख रही थी। इसलिए अपने लाभ के लिए भाजपा में आने वालों की बहुत बड़ी संख्या थी। मगर जैसे ही विधानसभा चुनाव के नतीजे आए और ममता बनर्जी भारी बहुमत से तीसरी बार मुख्यमंत्री बनी। उसके बाद भाजपा में दूसरे दलों से आए दल बदलू नेताओं ने पार्टी को छोड़ना शुरू कर दी। सबसे पहले भाजपा के बड़े नेता व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकुल राय ने ममता बनर्जी से फिर से हाथ मिला लिया। उसके बाद केंद्र में मंत्री रहे बाबुल सुप्रियो ने मंत्री पद से हटाने से नाराज होकर भाजपा व संसद सदस्यता से त्यागपत्र देकर तुणमुल कांग्रेस में शामिल हो गए। अब तक बंगाल में भाजपा के कई बड़े नेता व करीबन दस विधायक तुणमुल कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। इसी तरह 2017 में विधानसभा चुनाव के दौरान उत्तराखण्ड में कांग्रेस से भाजपा में आकर मंत्री बने यशपाल आर्य अपने विधायक बेटे संजीव आर्य के साथ व हरक सिंह रावत भाजपा छोड़कर फिर से कांग्रेस में शामिल हो गए हैं।

उत्तर प्रदेश में भी स्वामी प्रसाद मौर्य, धर्म सिंह सैनी, दारासिंह चैहान ने मंत्री पद से इस्तीफा देकर समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए हैं। उनके साथ ही करीबन 15 अन्य विधायकों ने भी भाजपा छोड़कर समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया है। इनके अलावा टिकट नहीं मिलने पर कई अन्य नेताओं के भी भाजपा छोड़ने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि भाजपा ने भी स्वामी प्रसाद मौर्य जैसे बड़े नेता के पार्टी छोड़ने पर उनके प्रतिद्वंदी रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री व कांग्रेस के बड़े नेता आरपीएन सिंह को भाजपा में शामिल कर लिया है। आरपीएन सिंह स्वामी प्रसाद मौर्य के क्षेत्र पडरौना से ही पूर्व में तीन बार विधायक रह चुके हैं। वह मौर्य की कुर्मी जाति से है तथा पडरौना उनका परंपरागत विधानसभा क्षेत्र रहा है।

पार्टी में चल रही दलबदल के बारे में भाजपा के बड़े नेताओं का कहना है कि जिनके टिकट कटने की पूरी संभावना हैं। वही लोग पार्टी छोड़कर दूसरे दलों में जा रहे हैं। मगर भाजपा को भी अपने अंतर्मन में झांकना होगा कि ऐन चुनाव के वक्त पार्टी के नेता पार्टी छोड़कर क्यों जाते हैं। इसके जिम्मेवार कहीं न कहीं पार्टी के ही बड़े नेता है। जो सिर्फ सरकार बनाने के लिए बिना सोचे समझे दूसरे दलों के ऐसे नेताओं को पार्टी में शामिल कर लेते हैं जिनकी भाजपा के प्रति ना तो कभी निष्ठा रही है ना ही भाजपा की विचारधारा से उनका तालमेल रहा है।

पिछले सात वर्ष से अधिक समय से भाजपा की केंद्र में सरकार चल रही है। अधिकांश राज्यों में भी भाजपा व उनके सहयोगी दलों की सरकार है। ऐसे में भाजपा आलाकमान को सोचना चाहिए की दल बदल कर दूसरे दलों से आने वाले नेताओं को पार्टी में शामिल करने के बजाए अपनी ही पार्टी का संगठन मजबूत किया जाए। पार्टी में काम करने वाले कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाया जाए। वर्षों से सहयोगी रहे दलों की उपेक्षा करने की बजाय उनको पूरा सम्मान देना चाहिये। ताकि चुनाव के समय पार्टी को दल बदल का सामना नहीं करना पड़े। जिससे पार्टी इस प्रकार से शर्मिंदगी झेलने से बच सके।

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।)**

## ...रास्ता...

मंजिल थी बहुत कठिन मगर रास्ता मिल गया,
सोचा नहीं था जो कभी वो वास्ता मिल गया!

पुष्पांजली से रहा है हमेशा ही गहरा नाता,
खो गया था जो कभी बास्ता मिल गया!

लुटाई थी जिसकी खातिर बहुत सी दौलत,
आज मुझको बहुत सस्ता मिल गया!

लिखे थे कुछ पन्ने पुष्पाजली के अभी,
ना जाने कहां से दस्ता मिल गया!




कैसे करें ÷केशब÷ शुक्रिया उस परमात्मा का,
रोता था जो दिल आज हंसता मिल गया!

**केशब पंडित जी अम्बाह...??**

## बजट से उम्मीदें

**सिद्धार्थ शंकर**

केंद्र सरकार एक फरवरी 2022 को देश की संसद में इस साल का बजट पेश करेगी। इसे लेकर अलग-अलग सेक्टरों के विशेषज्ञों ने कयास लगाने शुरू भी कर दिए हैं। सभी को उम्मीद है कि इस बार उनके सेक्टर के लिए केंद्र सरकार बड़े एलान करेगी। ऐसी उम्मीदें रखना लाजमी भी है, क्योंकि आने वाले एक साल तक उनके लिए सभी विकास कार्य इसी बजट की राशि से होंगे। इन सब के बीच रक्षा बजट भी एक ऐसा विषय है, जिस पर देशवासियों की निगाहें टिकी हुई हैं। पाक-चीन के बीच बढ़ता गठजोड़ भारत के लिए खतरे का संकेत है। इसी वजह से इस साल के रक्षा बजट में बड़े एलान हो सकते हैं। 21वीं सदी में रक्षा क्षेत्र की जरूरतें भी आधुनिक हो गई हैं। भारतीय थल सेना, वायु सेना और नौसेना सभी की अपनी जरूरतें हैं। तीनों सेनाओं की मशीनरी बड़े स्तर पर पुरानी पड़ चुकी हैं। सेना की ज्यादातर बंदूकें, तोप अब भी 90 के दशक वाली ही हैं। नौसेना की पनडुब्बियां पुरानी हो चुकी हैं तो वायुसेना के मिग-21 जैसे विमान फ्लाइंग कॉफिन बन चुके हैं। इन सभी बदलाव के लिए अच्छे-खासे बजट की आवश्यकता है। ऐसे में सेना भी रक्षा बजट से काफी उम्मीदें लगाए बैठी है। सेना के तीनों अंगों को नए विमानों, पनडुब्बियों और हथियारों की जरूरत है। वायुसेना को 114 विमानों की एमआरएफए डील और भविष्य के 5वीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों को अपने बेड़े में शामिल कराना है। इसके अलावा सेना को बड़ी संख्या में मालवाहक विमानों की भी आवश्यकता है। नौसेना को हाल ही में निर्मित स्वदेशी युद्धपोत आईएनएस विक्रांत के लिए नए लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टरों की जरूरत है। हिंद महासागर में चीन के बढ़ते प्रभाव के कारण अब बड़ी सैन्य खरीदारी की जरूरत है। हाल ही में सरकार ने कई रक्षा सौदों पर मुहर लगाई है, लेकिन दुनिया की चौथी सबसे ताकतवर सेना के लिए इतने इंतजाम अब भी नाकाफी हैं। भारत की सैन्य शक्ति दुनिया में चौथे स्थान पर है और हमारा रक्षा बजट अमेरिका और चीन के बाद दुनिया



का तीसरा सबसे बड़ा रक्षा बजट है। बीते साल 2021-2022 के लिए सरकार ने रक्षा बजट 4.78 लाख करोड़ रुपए का रखा था। इससे पहले साल 2020-2021 में यह बजट 4.71 लाख करोड़ रुपए का था। चीन से सीमा पर बढ़ रहे तनाव के मद्देनजर विशेषज्ञों ने बीते साल अच्छे खासे रक्षा बजट का अंदाजा लगाया था। हालांकि, इसमें 1.4 फीसदी की मामूली बढ़ोतरी ही की गई। इस दौरान चीन ने अपने बजट में 6.8 फीसदी का भारी इजाफा किया। चीन का सैन्य बजट भारत के मुकाबले करीब चार गुना ज्यादा है। भारत का रक्षा बजट दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा बजट तो है, लेकिन अगर हम बजट के फीसदी को जीडीपी के हिसाब से आंके तो यह कहानी कुछ और ही बयां करती है। देश के रक्षा बजट का बड़ा हिस्सा सैनिकों की पेंशन और वेतन में ही चला जाता है। इसके बाद बची रकम से सेना की सभी जरूरतें पूरी नहीं हो पाती हैं। बीते साल भारत का रक्षा बजट जीडीपी का 2.21 फीसदी रहा था। चीन का भी बजट जीडीपी के दो फीसदी से कम तो है, लेकिन उसकी जीडीपी भारत के मुकाबले चार गुना ज्यादा बड़ी है। वहीं, अमेरिका का रक्षा बजट जीडीपी के 3.7 प्रतिशत के करीब है। जीडीपी के हिसाब से रक्षा पर खर्च करने के मामले में ओमान और इस्राइल जैसे देश हमसे कहीं आगे हैं। हाल ही में चीन और पाकिस्तान भारत के खिलाफ अपने खतरनाक मंसूबों को पूरा करने के लिए साथ आ रहे हैं। चीन ने भारत की पूर्वी सीमा के करीब बड़े स्तर पर सैन्य और आधुनिक हथियारों की तैनाती कर रखी है। वहीं, पश्चिमी सीमा पर पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर समेत पंजाब आदि राज्यों में आतंक को बढ़ावा देकर भारत को नुकसान पहुंचाने की कोशिशों में लगा हुआ है। चीन ने भारत के खिलाफ पाकिस्तान को बड़े स्तर पर सैन्य मदद भी मुहैया कराई है। इसके अलावा चीन भारत के चारों तरफ घेरा बनाने की कोशिशों में लगा हुआ है। इसका तोड़ कूटनीति और बड़ा सैन्य बजट ही हो सकता है। चीन और पाकिस्तान के दोहरे खतरे को देखते हुए भारत की जरूरत है कि रक्षा बजट में बड़ी बढ़ोतरी की जाए।

# कहो तो कह दूं ।। प्यार करने वाले कभी डरते नहीं, जो डरते हैं वो प्यार

### सूडोकु नवताल- 5969

✱✱✱✱✲ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5968 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

**चैतन्य भट्ट**

राजस्थान हाईकोर्ट ने एक लव मैरिज करने वाले प्रेमी युगल को पुलिस सुरक्षा देने से इंकार करते हुए उनकी याचिका खरिज कर दी और कहा कि यदि लव मैरिज की हैं तो समाज से मुकाबला करने की ताकत भी तो लाओ, यदि प्यार किया हैं तो डरना क्यों ? बात तो सौ फ़ीसदी सही कही हैं न्यायालय ने, भाई प्यार तुम करो महबूबा से शादी तुम करो और पुलिस तुम्हें सुरक्षा दे यदि ऐसा होने लगे तो पूरे देश की पुलिस तो सिर्फ प्रेमी जोड़ों की सुरक्षा में ही लग जाएगी क्योकि आजकल तो हर दूसरी शादी लव मैरिज ही हो रही हैं, अब वो ज़माने गए जब माँ बाप किसी को भी किसी के खूंटे से बाँध देते थे, न लड़का लड़की को देख पाता था न लड़की अपने होने वाले दूल्हे का चेहरा देख पाती थी अब तो लड़की भी ठोक बजा कर लड़का पसंद करती हैं उसके बाद ही शादी करती हैं , यदि प्यार किया हैं तो डरना मना है इसलिए जैकी श्रॉफ ने अपनी पहली फिल्म हीरो में ये गाना गाया था ÷प्यार करने वाले कभी डरते नहीं जो डरते हैं वो प्यार करते नहीं मधुबाला तो कई बरस पहले दिलीप कुमार से कह चुकी थी जब प्यार किया तो डरना क्या प्यार किया कोई चोरी नहीं की छुप छुप आंहे भरना क्या मोहब्बत तो वो होती हैं कि आशिक अपनी महबूबा के लिए सारी दुनिया से लड़ जाए, घर बार, समाज सब उसके खिलाफ हो जाए लेकिन वो प्रमिका का साथ न छोड़े, लेकिन कई प्रेमी बेचारे बड़े सीधे साधे होते हैं, पहले स्वीकृति मांगते हैं महबूबा से, जैसे तलत महमूद ने



फिल्म सोने की चिड़िया में नूतन से मांगी थी ये कहते हुए कि प्यार पर बस तो नहीं हैं लेकिन तू बता कि तुझे प्यार करूँ या न करूँ द्य वैसे भी प्यार कैसा होता हैं ये राजेश खन्ना ने कटी पतंग में बतला दिया था उन्होंने कहा था प्यार दीवाना होता हैं मस्ताना होता हैं हर ख़ुशी से हर गम से बेगाना होता हैं अपनी तो उन दोनों प्रेमी प्रेमिकाओं को यही सलाह हैं कि डरो मत प्यार करना कोई गुनाह नहीं हैं इतिहास गवाह हैं कि प्रेम के आड़े समाज हमेशा से आता रहा है लेकिन सही प्रेमी वो ही हैं जो समाज से टक्कर ले सके इसलिए अपनी मोहब्बत पर भरोसा रखो कोई तुम्हारा कुछ नहीं बिगाड़ पायेगा द्य

### अभी तो इस दल में हूँ शाम का पता नहीं

कुछ दिनों पहले एक हास्य फिल्म आई थी भागमभाग कई सारे एक्टर थे उस फिल्म में, वो तो फिल्म थी लेकिन आजकल देश की राजनीती में वो ही फिल्म वास्तव में चल रही हैं कब कौन अपनी पार्टी छोड़कर दूसरी पार्टी में चला जाए कौन कब दूसरी पार्टी छोड़ कर तीसरी ज्वॉइन कर ले ये ईशवर भी नहीं जानता और न ही वो नेता जो पार्टी छोड़कर जा रहा हैं क्योकि उसे खुद भी पता नहीं रहता कि जिस पार्टी में वो गाया हैं उसमें कितने दिन रह पायेगा । आजकल तो हाल ये हैं कि किसी नेता से पूछो कि भैया आप कौन सी पार्टी में हो तो वो ये कहता हैं अभी तो अमुक पार्टी में हूँ लेकिन शाम को कंहा रहूंगा अभी बतला नहीं सकता द्य इतनी जल्दी तो गिरगिट भी अपना रंग नहीं बदलते हैँ जितनी तेजी से ये नेता पार्टियां बदल रहे हैं शायद यही कारण हैं कि इन राजनेताओं की पार्टी बदलने की स्पीड से घबरा और शरमा कर आजकल गिरगिटों ने संसार ही छोड़ने का मन बना लिया हैं उनका सोचना हैं कि जब उनका चार्ज नेताओं ने संभाल लिया हैं तो अपनी इस नश्वर संसार में जरूरत ही क्या हैं, ऐसी भागमभाग पहले कभी नहीं देखी अपन ने, सुबह यंहा, दोपहर को, वंहा शाम को कंही और रात होते होते कंही और द्य जिस पार्टी को पानी पी कर कोसते थे उसकी तारीफ में ऐसे कसीदे पढ़े जाते हैं कि लगता हैं कि उससे अच्छी पार्टी और उसके नेता न कभी पैदा हए हैं न कभी पैदा होंगेद्य जिनकी एक एक योजनाओं वायदों की बखिया उधेड़ते थे उनकी ऐसी अच्छाई गिनाई जाती हैं कि योजना बनाने वाला भी शरमा जाएद्य पहले कहा जाता था कि युद्ध और प्यार में सब जायज हैं अब उसमें राजनीति शब्द भी जुड़ गया हैं इसलिए आश्चर्य मत करो जैसी भागमभाग चल रही हैं।

## पेगासस-जासूसीः नया सिरदर्द

**वेदप्रताप वैदिक**

पेगासस के जासूसी यंत्र को लेकर भारत सरकार फिर दलदल में फंस गई है। सारे विरोधी दलों ने उसे दलने के लिए कमर कस ली है। सरकार को नींद नहीं आ रही होगी कि संसद के इस सत्र में वह बजट पेश करेगी या इस इस्राइल के जासूसी यंत्र की मार से खुद को बचाएगी। 'न्यूयार्क टाइम्स' ने ज्यों ही यह खबर उछाली कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2017 में अपनी इस्राइल-यात्रा के दौरान जब इस्राइल से दो अरब डॉलर के हथियारों का सौदा किया था तभी 500 करोड़ रु. का यह जूासूसी यंत्र खरीदा था तो फिर क्या था? भारत के सारे विरोधी दल चंग पर चढ़ गए। उन्होंने सरकार पर हमले शुरु कर दिए। उन्हें यह भी ध्यान नहीं रहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने इस सारे मामले पर पहले से जांच बिठा रखी है। जब यह मामला संसद के पिछले सत्र में उठा था तो इतना हंगामा हुआ कि संसद ही ठप्प हो गई थी। सरकार की हालत इतनी पतली हो गई थी कि उसकी घिग्घी बंध गई थी। वह न तो संसद को और न ही अदालत को यह साफ-साफ बता सकी कि उसने इस्राइल से यह जासूसी यंत्र खरीदा था या नहीं और इस यंत्र से उसने विरोधी नेताओं, पूंजीपतियों, पत्रकारों और महत्वपूर्ण नागरिकों की जासूसी की थी या नहीं। बस वह यही कहती रही कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। वह सारे तथ्य सार्वजनिक नहीं कर सकती। अदालत इजाजत दे तो वह खुद जांच बिठा सकती है। अदालत ने सरकार के अभिमत को रद्द कर दिया और एक सेवा-निवृत्त न्यायाधीश के अध्यक्षता में अपनी जांच बिठा दी। अदालत, विरोधियों और कई प्रबुद्ध पत्रकारों का मानना था कि राष्ट्रीय सुरक्षा की आड़ में कोई भी सरकार नागरिकों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हनन नहीं कर सकती। यदि सरकार आतंकवादियों, तस्करों, ठगों, हिंसकों, अपराधियों, देशद्रोहियों के खिलाफ जासूसी करे तो वह सर्वथा उचित है लेकिन यदि ऐसा ही है तो उसे हकलाने, लड़खड़ाने और घबराने की जरुरत क्या है? सरकार की इस घबराहट को 'न्यूयार्क टाइम्स' ने अब बड़े सिरदर्द में बदल दिया है। यदि राहुल गांधी का यह आरोप कि सरकार ने देशद्रोह किया है, बचकाना है तो भी संसद में विपक्ष के सारे हमले का शिकार प्रधानमंत्री की कुर्सी ही होगी। प्रधानमंत्री की जानकारी के बिना किसी मंत्री या अफसर की हिम्मत नहीं है कि वह देश के नागरिकों पर इस तरह की जासूसी कर सके। स्वयं नरेंद्र मोदी को चाहिए कि वे चाहे उन सब व्यक्तियों के नाम उजागर न करें लेकिन वे संसद में बताएं कि किस तरह के लोगों के खिलाफ पेगासस-यंत्र का इस्तेमाल होता रहा है।

# फलदान कार्यक्रम में चटनी फैलाकर 8 लाख की पोटली लेकर चोर रफूचक्कर



## मंगल वाटिका में फलदान समारोह से ढाई लाख लेकर उड़े चोर, शहर में नहीं जिम्मेदार है अधिकारी, चोर लुटेरे सक्रिय

**मुरैना।** शादियों में मेला डालकर, चटनी, दही बड़े फैलाकर रुपयों से भरे थैले बैग छीनने एवं गायब करने की घटनाएं आए दिन सामने आ रही हैं। शहर में गिरोह सक्रिय हो चुका है और लगातार वारदात कर रहा है। बीती रात चोर गिरोह जीवाजी गंज स्थित गर्ग सेवा सदन में आयोजित फलदान समारोह से 8 लाख एवं मंगल वाटिका में आयोजित फलदान समारोह से ढाई लाख रुपए लेकर रफूचक्कर हो गए। गर्ग सेवा सदन में हुई घटना के सीसीटीवी फुटेज मिले हैं, जिसमें एक युवक पोटली ले जाता हुआ दिखाई दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और युवक की शिनाख्त के प्रयास में लगी हुई है। गौरतलब बात यह है कि शहर के कोतवाली थाना एवं स्टेशन रोड थाना इन दिनों निरीक्षक बिहीन है और पुलिस आराम फरमा रही है तथा चोर लुटेरे सक्रिय होकर वारदात कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जीवाजीगंज राम जानकी मंदिर के पास स्थित गर्ग सेवा सदन में रविवार को अशोक शर्मा निवासी जीवाजीगंज के बेटे अभिषेक शर्मा का फलदान समारोह चल रहा था रात्रि 10 से 10:30 बजे के बीच फलदान कार्यक्रम होने के पश्चात मिले नगद 8 लाख रुपए पोटली में अभिषेक के ताऊ श्रीनिवास शर्मा के पास रखे थे, तभी उनके कपड़ों पर अज्ञात चोर ने चटनी फैला दी और बोला कि आपके कपड़े खराब हो गए हैं, जैसे ही श्रीनिवास शर्मा अपने कपड़े को साफ करने लगे, तभी अज्ञात चोर रुपयों से भरी पोटली लेकर मौके से रफूचक्कर हो गया, थोड़ी देर बाद देखा तो पोटली गायब थी और वह युवक भी फरार था। रुपयों से भरी पोटली जाने के बाद शादी समारोह में खलबली मच गई और पुलिस को सूचना देकर सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गए। अशोक शर्मा के मुताबिक सेवा सदन में लगे सीसीटीवी कैमरा एवं आसपास के कैमरा में कुछ फुटेज मिले हैं, जिसमें वारदात करने वाला युवक दिखाई दे रहा है। पुलिस द्वारा उसके फोटो को जूम कर उसकी शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

गत रात्रि को ही अज्ञात चोरों ने दूसरी वारदात मंगल वाटिका में अंजाम दी। यहां पर श्याम विहार कॉलोनी निवासी राम अवतार सिंह कुशवाह के पुत्र दिवाकर कुशवाह का लगुन फलदान समारोह कार्यक्रम चल रहा था। लगभग 10 से 12 के बीच यहां भी लगुन में आए 2 लाख 20 हजार 500 रुपए राम अवतार सिंह के पास बैग में थे, तभी एक युवक आया और बोला आपके पेंट पर दही बड़ा गिर गया है, जैसे ही रामअवतार पेंट बदलने गया, उसी बीच युवक रुपयों से भरा बैग लेकर रफूचक्कर हो गया। जब रामअवतार लौट के आए तो बैग गायब मिला और वहां कोहराम मच गया। एक ही रात में चोरों ने दो स्थानों पर वारदात को अंजाम देकर मुरैना पुलिस को खुली चुनौती दी है। शहर में चोर लुटेरे बेफिक्र बेखौफ होकर घूम रहे हैं और पुलिस आराम फरमा रही है, जिससे शहर की जनता का अमन चैन छिन गया है। पूर्व में भी मेला फेंककर बैग लूटने की तमाम घटनाएं हुई है, लेकिन पुलिस किसी भी घटना को ट्रेस करने में सफल नहीं हो पाई है, यही नहीं तमाम शादी समारोह में चढ़ावा भी गायब हुआ है, जिसकी एफ आई आर तक थानों में दर्ज नहीं होती और पुलिस जांच के नाम पर लीपापोती करती रहती है। शहर में हो रही वारदातों से आमजन में पुलिस की निष्क्रियता को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।



## शक्कर कारखाना बचाओ आंदोलन: नीलामी रद्द कर कारखाने को चलाने की मांग को लेकर मनाया विश्वासघात दिवस

**कैलारस।** शक्कर कारखाने की नीलामी रोकने और उसे चलाने की मांग को लेकर किसान मजदूर आम जनता की ओर से पुरानी सब्जी मंडी पर विश्वासघात दिवस मनाया गया। इसी क्रम में शक्कर कारखाने की नीलामी रोकने, कारखाने को चलाने और बायदा निभाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम नायव तहसीलदार कैलारस को ज्ञापन दिया गया। इस आयोजन में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, आजाद समाज पार्टी आम आदमी पार्टी, किसान कांग्रेस सहित एसएफआई, डी वाई एफ आई, अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति, श्रमिक और किसानों के संगठनों ने बड़ी संख्या में हिस्सेदारी की। विश्वासघात कार्यक्रम में दलों और संगठनों के दो दर्जन से ज्यादा वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। जिसमें पूर्व विधायक महेश दत्त मिश्रा, पूर्व विधायक सोनेराम कुशवाह, अशोक तिवारी, गयाराम सिंह धाकड़, महेश प्रजापति, विष्णु अग्रवाल, भानु प्रताप सिंह चिंटू, राजकुमार सिंघल, बृजमोहन मरैया, राजेश गुप्ता, नंदलाल खरे, डॉ शरीफ कुरैशी, गोतम बोध्द, वदन सिंह यादव, राजवीर धाकड़, राजेंद्र शर्मा, कृष्ण प्रजापति, विश्वम्बर सिंह सिकरवार, डॉ राम कुमार श्रीवास, जीवन लाल त्यागी, रामविलास धाकड़, जगदीश शुक्ला, ओम प्रकाश शर्मा आदि ने संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने मुख्यमंत्री द्वारा तीन बार कारखाना चलाने की घोषणा करने के बाद जनता के साथ किए गए विश्वासघात की निंदा की और कारखाने की नीलामी रोकने तथा उसे चलाने की मांग की। इसी क्रम में 8 फरवरी को कारखाने के मटेरियल स्क्रैप की होने वाली नीलामी रोकने के लिए धिक्कार दिवस मनाने पुरानी सब्जी मंडी पर एकत्रित होकर कारखाने तक रैली निकालने का आह्वान भी सर्वदलीय मंच द्वारा किया गया। सभी ने कर्मचारी और किसानों के बकाया भुगतान की भी पुरजोर मांग की है।

# संयुक्त किसान मोर्चा ने मनाया विश्वासघात दिवस

## -केंद्र एवं राज्य सरकार ने 6 मुद्दों पर अभी तक नहीं लिया निर्णय




**मुरैना।** संयुक्त किसान मोर्चा जिला मुरैना द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की वादाखिलाफी के चलते 31 जनवरी सोमवार को विश्वासघात दिवस मनाते हुए राष्ट्रपति के नाम एसडीएम मुरैना को ज्ञापन दिया और कहा कि केंद्र सरकार द्वारा तीनों कृषि कानून वापस लिए जाने के साथ 6 मुद्दों पर दिसंबर तक निर्णय लेने को कहा था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई उस दिशा में नहीं हुई है, इसलिए संयुक्त किसान मोर्चा केंद्र और राज्य सरकार की वादाखिलाफी के विरुद्ध विश्वासघात दिवस मना रहा है। संयुक्त किसान मोर्चा ने ज्ञापन में कहा कि देश के किसानों ने केंद्र सरकार की किसान विरोधी कानून को रद्द करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी हासिल करने और अन्य किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ एक अभूतपूर्व आंदोलन चलाया। इस आंदोलन के चलते राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से 3 किसान विरोधी कानूनों को रद्द किया गया, जिसके बाद संयुक्त किसान मोर्चा ने 21 नवंबर 2021 को प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखकर बकाया 6: मुद्दों की तरफ उनका ध्यान आकृष्ट कराया। जवाब में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के सचिव संजय अग्रवाल ने 9 दिसंबर 2021 को संयुक्त किसान मोर्चा के नाम पर एक पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने कुछ मुद्दों पर सरकार की ओर से आश्वासन दिए और आंदोलन को वापस लेने का आग्रह किया। इस चिट्ठी पर भरोसा कर संयुक्त किसान मोर्चा ने दिल्ली के बॉर्डर पर लगे मोर्चा और तमाम धरना प्रदर्शनों को 11 दिसंबर से उठा लेने का निर्णय किया। किसान मोर्चा ने कहा कि एक बार फिर देश के किसानों के साथ धोखा हुआ है, भारत सरकार के 9 दिसंबर के इस पत्र के आधार पर हमने मोर्चा उठाने का फैसला किया था। सरकार ने उनमें से कोई वादा पूरा नहीं किया है, इसलिए पूरे देश के किसानों ने सोमवार को विश्वासघात दिवस मनाने का फैसला लिया।

# कांग्रेस का शुरू होगा घर चलो, घर-घर चलो अभियान आज से आरम्भ

## पूर्व मंत्री राकेश चौधरी रहेंगे उपस्थित



**जौरा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं जौरा विधानसभा से प्रत्याशी रहे पंकज उपाध्याय ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देश अनुसार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मुरैना जिले में घर चलो, घर-घर चलो अभियान की शुरुआत आज 1 फरवरी को विधानसभा जौरा से होगी। अभियान का प्रारंभ जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी पूर्व मंत्री राकेश चौधरी द्वारा किया जाएगा। अभियान 11 बजे जौरा, दोपहर 1 बजे पहाड़गढ़ एवं दोपहर 3 बजे कैलारस से चलाया जायेगा। श्री उपाध्याय ने बताया कि घर चलो, घर-घर चलो अभियान के अंतर्गत कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता एवं नेता प्रत्येक बूथ पर अपने सभी कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं से मिलकर कांग्रेस की रीति नीति एवं भाजपा के भ्रष्टाचार और जनविरोधी नीतियों का खुलासा करेंगे। अभियान का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में कैलारस कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण दुबे ने बताया कि इस अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी घर-घर पहुंचकर लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ेंगे और सदस्य बनाने का कार्य करेंगे।



# पोरसा चौराहे पर दुकानों के आगे से हटाया अस्थाई अतिक्रमण



**अम्बाह।** लंबे समय के बाद नगर पालिका की ओर से रविवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। तहसीलदार राजकुमार नागोरिया, मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामनिवास शर्मा एवं पटवारी शिव मोहन सिंह तोमर के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों की टीम द्वारा शहर के पोरसा चौराहे पर दुकानों के आगे किया गया अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान नपा की टीम ने दुकानों के आगे सड़क पर रखे होर्डिंग बोर्ड, सामान रखने के लिए रखे बेंच व टीनशेड सहित अन्य सामान को जब्त किया। वहीं कुछ दुकानदारों ने अभियान चलता देख स्वयं ही अपना सामान दुकानों के अंदर रख दिया और टीनशेड को हटा लिया। इसके अलावा कुछ दुकानदारों की दुकानों के आगे बनाए गए अवैध निर्माण को भी तोड़ा गया। नपा की कार्रवाई से इलाके के दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। इस तोड़फोड़ कार्रवाई का स्थानीय लोगों ने स्वागत किया, वहीं दुकानदारों में रोष दिखाई दिया। विदित हो कि नगरपालिका की ओर से बाजार में मुनादी करवाकर दुकानों के आगे बनाए गए अतिक्रमण को हटाने की चेतावनी पूर्व में दी गई थी। आठ दिन तक दुकानों के आगे से अतिक्रमण न हटाए जाने पर नपा की ओर से अतिक्रमण को जेसीबी मशीन द्वारा हटाने की कार्यवाही को अंजाम दिया गया। उल्लेखनीय है कि पोरसा चौराहे के कुछ दुकानदार एवं आम जनता द्वारा नगर पालिका में शिकायत की गई थी कि कुछ दुकानों के आगे टीनशेड लगा कर कुछ दुकानदारों ने अतिक्रमण कर लिया है, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। जिसके बाद नपा ने 3 दिवस के भीतर अतिक्रमण हटाने की मुनादी कराई, किंतु अतिक्रमण न हटने की स्थिति में रविवार को कार्यवाही की गई। मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामनिवास शर्मा ने बताया कि बाजार में दुकानों के आगे लगाई गई दुकानों को भी हटाया जाएगा।

# डॉ दिनेश सिंह की स्मृति में नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 2280 लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण



**कैलारस।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष समाजसेवी डॉ दिनेश सिंह की 11वी पुण्यतिथि के अवसर पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी इंद्रप्रस्थ कॉलेज कैलारस में सुपर मल्टी स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन उनके सुपुत्र भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ दीपक सिंह व परिजनों द्वारा आयोजित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 2280 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया व रतन ज्योति नेत्र चिकित्सालय की टीम द्वारा 45 नेत्र रोगियों को आपरेशन के लिए चिन्हित किया, जिनका निःशुल्क आपरेशन किया जायेगा।

शिविर में डॉ संजय चंदेल एसोसिएट प्रोफ़ेसर जयारोग, डॉ जीतेंद्र नरवरिया जनरल फिजिशियन सह अधीक्षक जयारोग हॉस्पिटल, डॉ सुरेन्द्र यादव अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ कमल भदौरिया चर्म, गुप्त, कुष्ठ व एलर्जी रोग विशेषज्ञ, डॉ अरुण सिंह भदोरिया पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ, डॉ हरिओम शर्मा नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ, डॉ आशीष चौहान ह्रदय रोग विशेषज्ञ, डॉ सौरव सिंह तोमर मधुमेह रोग विशेषज्ञ, डॉ शैलेंद्र सिंह भदोरिया वृद्धजन विशेषज्ञ, डॉ विलासी दंत रोग विशेषज्ञ, डॉ एस आर मिश्रा जनरल फिजिशियन, डॉ आलोक शर्मा पथरी रोग विशेषज्ञ, डॉ अखिलेश कुशवाह त्वचारोग विशेषज्ञ, डॉ रविंद्र कुशवाहा बवासीर रोग विशेषज्ञ, डॉ कुसुम सिंह स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ अजय तोमर सामान्य रोग विशेषज्ञ, डॉ ए के गुप्ता शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ मयंक उपाध्याय, चेतन गोयल, डॉ शैलेंद्र सिंह सिकरवार, डॉ कल्पना शर्मा स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ मनीष शर्मा, डॉ ध्रुव अग्रवाल, डॉ अमित श्रीवास्तव, व डॉ ब्लैसी ने मरीजों का परीक्षण कर उपचार प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर, मुख्य रूप से उपस्थित मध्यप्रदेश पिछडा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रघुराज कंसाना ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों से ग्रामीण अंचल की जनता जो महंगे उपचार के लिए बाहर नहीं जा पाते उनको बेहद लाभ होता है। उन्होंने आयोजको को इस सराहनीय कार्य के लिए बधाई दी और शिविर में सेवाए देने वाले चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

# राजा संग्राम सिंह की सरजमीं एटा सदर पर छिडे चुनावी महासंग्राम में भाजपा सपा बसपा में त्रिकोणीय संघर्ष के आसार

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**

**एटा!** विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 की संचालित प्रक्रिया के दौरान नामाकंन दाखिल करते ही राजा संग्राम सिहं की नगरी एटा सदर विधान सभा सीट पर छिडे चुनावी महासंग्राम में अखाड़े में उतरे विभिन्न राजनैतिक दलों के कद्दावर महायोद्धाओं नें लगोंट कसते हुऐ एक दूसरे को पटखनी देने के इरादे से ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र में तूफानी प्रचार प्रसार करना प्रारम्भ कर दिया है ! सर्दी के सर्द मौसम में चल रहे चुनावी प्रचार व प्रसार से गांव गांव गर्मी जैसा माहौल देखने को मिल रहा है ! सुबह और शाम होते ही गांव गांव में सुलगते अगियानों पर लगने वाली चौपालों में जुडने वाले ग्रामीण मतदाताओं द्वारा अपने अपने क्षेत्र के दलीय उम्मीदवारों में किनकी स्थिति मजबूत है, इसको लेकर चर्चाऐं होते







होते चर्चा बहस में तब्दील हो जाती है ! एटा सदर विधान सभा सीट से इस मर्तबा भाजपा ने अपने सिटिगं विधायक विपिन वर्मा डेविड पर ही दांव खेला है तो सपा ने भी पिछले चुनाव में लगभग 21 हजार मतों के अतंर से पराजित हुऐ अपने कद्दावर पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत जुगेन्द्र सिहं यादव को चुनावी महासंग्राम में अखाड़े में महायुद्ध के लिए उम्मीदवार घोषित कर बडा दांव चला है ! इधर सपा से बागी हुऐ पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत एवं पटियाली विधान सभा सीट से पूर्व विधायक अजय सिहं यादव ने बसपा का दामन थामकर सुश्री बहिन मायावती से हरी झंडी मिलते ही बसपा उम्मीदवार के रूप में अपना नामाकंन रिटर्निंग ऑफीसर के समक्ष दाखिल कर सपा की राह में कडी अड़चन उत्पन्न कर समूचे जिले में सनसनी फैला दी है ! बहराहल राजा संग्राम सिहं की सरजमीं एटा सदर पर छिडे चुनावी महासंग्राम में सपा भाजपा बसपा के कद्दावर उम्मीदवारों के अतिरिक्त कांग्रेस व आम आदमी पार्टी सहित कुछ अन्य निर्दलीय उम्मीदवारो ने भी अपने अपने नामाकंन दाखिल कर विधान सभा लखनऊ में पहुंचने के ख्वाब देख रखे हैं !

एटा सदर विधान सभा सीट पर 2017 में हुऐ सामान्य निर्वाचन के दौरान भाजपा उम्मीदवार विपिन वर्मा डेविड को विजेता होने पर 82516 मत हासिल हुऐ थे तो वही उपविजेता रहे जुगेन्द्र सिहं यादव को 61387 प्राप्त मतों पर संतोष करना पडा था ! जबकि 2012 के विधान सभा सामान्य निर्वाचन में एटा सदर सीट से सपा उम्मीदवार के रूप में आशीष यादव 39282 मत प्राप्त कर विजय वरण किया था तो बसपा के कद्दावर उम्मीदवार गजेन्द्र सिहं चौहान बबलू 36038 मत प्राप्त कर 3244 मतों के अतंर से दूसरे स्थान पर उपविजेता रहे तथा भाजपा के प्रत्याशी प्रजापालन वर्मा को 32857 मत प्राप्त कर तीसरे स्थान पर संतोष करना पडा था ! एटा सदर विधान सभा सीट के सियासी अतीत की यदि हम चर्चा करें तो 1951 में पहली बार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी होतीलाल दास विधायक चुने गए तब यह सीट कासगंज साउथ के नाम से जानी जाती थी, तो वही 1957 से 1977 तक वर्तमान भाजपा विधायक विपिन वर्मा डेविड के पिताश्री गंगा प्रसाद वर्मा लगातार छै मर्तबा विधायक का चुनाव जीतते रहे तथा वह प्रदेश सरकार मे स्वास्थ्य राज्य मंत्री भी रहे ! एटा सदर विधान सभा सीट पर वर्तमान में तीन लाख तेईस हजार छै सौ एक के लगभग मतदाता निवास करते हैं तथा इस विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत एटा शहर के अलावा सकीट मलावन आसपुर आदि क्षेत्र भी समाहित हैं ! इस सीट पर यादव मतदाताओं की संख्या सबसे ज्यादा है तथा दूसरे नम्बर पर लोधी जाति के मतदाताओं का प्रभुत्व है ! भाजपा से वर्तमान उम्मीदवार विपिन वर्मा डेविड विधायक ग्रेजुऐट है तथा इनकी प्रारंभिक शिक्षा सैनिक स्कूल देहरादून में हुई है, विपिन वर्मा डेविड कोल्ड स्टोर के व्यवसाय से जुडे है! उन्होने अपने पिछले कार्यकाल में तीन सौ करोड रुपए के विकास कार्य कराऐं है ! मेडीकल कालेज तथा पिलुआ से लेकर मलावन तक बाईपास का निर्माण उनके कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धि है ! कुल मिलाकर 2022 के विधान सभा सामान्य निर्वाचन के दौरान राजा संग्राम सिहं की सरजमीं एटा सदर पर छिडे चुनावी महासंग्राम में त्रिकोणीय संघर्ष के आसार बनते नजर आ रहे हैं।

## लक्की पठान ने किया आज पहली बार बी नेगेटिव रेयर ब्लड ग्रुप डोनेट



**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-जय माई मानव सेवा समिति शिवपुरी के सदस्य लक्की पठान इनका बहुत ही रेयर ब्लड ग्रुप है बी नेगेटिव बहुत कम लोगों में यह ब्लड ग्रुप पाया जाता है थैलेसीमिया मुस्कान पाल को बी नेगेटिव ब्लड 10 से 12 दिन के बीच में ब्लड लगता है जोकि यह ब्लड ग्रुप बहुत कम मिल पाता है थैलेसीमिया मुस्कान पाल को जय माई मानव सेवा समिति 5 साल से मुस्कान पाल को ब्लड समिति की तरफ से डोनेट कराया जा रहा है और आगे भी समिति ऐसे ही ब्लड डोनेट कराती रहेगी ब्लड बैंक में जब ब्लड नहीं होता है तो लक्की पठान ने आज पहली बार ब्लड डोनेट किया है थैलेसिमिया मुस्कान पाल के लिए रक्त वीर लकी पठान को जय माई मानव सेवा समिति बहुत-बहुत धन्यवाद आभार व्यक्त करती हैं रक्तदान महादान यह देता दूसरों को नया जीवनदान*

## लगभग दो करोड़ कीमत की शासकीय भूमि अवैध कब्जे से मुक्त कराई



**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**- खबर सतनवाड़ा थाना क्षेत्र से है यहां कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह के निर्देशन में जिले में भू-माफियाओं द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की जा रही है और शासकीय भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जा रहा है। सोमवार को भी शिवपुरी में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। प्रशासन की टीम द्वारा ग्राम सतनवाड़ाखुर्द शुक्ला पेट्रोल पंप के सामने खसरा नंबर 16 एवं 17 रकवा 1.78 हेक्टेयर पर किए गए अतिक्रमण को हटाकर लगभग दो करोड़ की शासकीय भूमि को कब्जे से मुक्त कराया गया है। अतिक्रमणकारियों द्वारा उक्त भूमि पर अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा था। जिसे टीम द्वारा अमले के साथ मौके पर पहुंचकर खसरा नंबर 16 एवं 17 रकवा 1.78 हेक्टेयर भूमि को मुक्त कराया गया, जिसकी कीमत लगभग 2 करोड़ बताई गई है।

## वार्ड 54 की ब्रांड एंबेसडर बनी अधिवक्ता शिल्पा डोगरा

**ग्वालियर।** रविवार को वार्ड नंबर 54 में जोनल अधिकारी राकेश सिंह कुशवाहा एवं हेल्थ अधिकारी विजय कुमार द्वारा वार्ड 54 में अधिवक्ता शिल्पा डोगरा को स्वच्छता अभियान के तहत अहम भूमिका निभाने के लिए ब्रांड एंबेसडर बनाया गया एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि अधिवक्ता शिल्पा डोगरा सामाजिक संस्था गौरवशाली सामाजिक संस्था के संस्थापक अध्यक्ष होकर शहर में संकल्प कोई भूखा ना सोए के तहत एवं महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। अधिवक्ता शिल्पा डोगरा एवं जोनल अधिकारी एवं हेल्थ अधिकारी, गौरवशाली सामाजिक संस्था के सचिव वासुदेव मिश्रा एवं मोहल्ले वासियों ने सफाई मित्र दीनदयाल एवं सफाई मित्र रवि को सम्मानित किया गया। ब्रांड एंबेसडर बनने पर गौरवशाली सामाजिक संस्था की संरक्षिका श्रीमती रीता डोगरा, वार्ड प्रभारी श्रीमती लक्ष्मी करन,सुनील करन, कृष्णा हिमांशु एवं संस्था के सभी लोगों ने बधाइयां दी गई। अधिवक्ता शिल्पा डोगरा ने नगर निगम के कमिश्नर किशोर कन्याल, संभागीय आयुक्त एवं प्रशासक नगर निगम आशीष सक्सेना, जोनल अधिकारी सहित हेल्थ अधिकारी एवं नगर निगम के कर्मचारियों सहित क्षेत्र वासियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी से निवेदन किया गया कि हम सभी को मिलकर अपने अपने क्षेत्र को साफ व स्वच्छ रखकर स्वच्छ भारत अभियान के तहत ग्वालियर शहर को प्रथम स्थान पर लाना है।



## 181 हेल्पलाइन की निराकरण में जिला पंचायत सीईओ को मिला ग्रेड



**टीकमगढ़।** उमाकांत उमराव प्रमुख सचिव द्वारा प्रसंशा - पत्र भेज कर जिला पंचायत सीईओ सुदेश मालवीय को शुभकामनाएं दी पत्र में बताया गया है कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन ( 181 ) में दर्ज शिकायतों का सुदेश मालवीय जिला पंचायत सीईओ द्वारा व्यक्तिगत रूचि लेते हुये निराकरण कराया जा रहा है । जिला पंचायत टीकमगढ़ अंतर्गत सी.एम. हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के में निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये माह दिसम्बर 2021 में 81.76 प्रतिशत वेटेज प्राप्त कर ÷, ÷ ग्रेड प्राप्त किया है , इनके द्वारा विभागीय प्रदर्शन में सराहनीय योगदान किया है । जिसके चलते विभाग की ओर से जिला पंचायत सीईओ सुदेश मालवीय एवं जिला पंचायत में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन का कार्य कर रहे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाए प्रेषित की गई है एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना , तथा आशा कि भविष्य में भी यह सभी इसी निष्ठा एवं समर्पण भावना से आमजन की सेवा निष्पादन में सी.एम. हेल्पलाइन ( 181 ) में प्राप्त शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराते रहेंगें।

## बडी मुश्किल से मिलता है चमन को दीदार पैदा...

**केशब पंडित जी ब्यूरो चम्बल...??**

**मुरैना** ...अब वो दिन दूर नही मुरैना फिर अपराध हीन होगा मुरैना के रामलक्ष्मण कहै जाने बाले आईपीएस डा.असित यादव व आसुतौष बागरी को आज भी मुरैना की जनता याद करती है जो कि लिस्ट मे जैसे आसुतौष बागरी का नाम दिखा जनता व बिभाग मे मानो खुशियो की गाज गिर गई हो मुरैना की जनता के दिलो मे फिर अपराध मुक्त मुरैना को करने बाला आईपीएस मिल गया तो हमसे फोन पर चर्चा के दौरान उन्हौने कहा कि मुरैना में कोई कितना बडा आदमी क्यो न हो यदि कानून का उल्लगन करते पाया गया तो पुलिसिया कारबाई से बिल्कुल नही बचेगा महिलाओ बालिकाओ की सुरक्षा के साथ जिले की कानून ब्यबस्था बनाये रखना उनकी पहली प्राथमिकता है उक्त बाते मुरैना के नवागत पुलिस कप्तान आसुतौष बागरी ने बातचीत के दौरान कही मुरैना में क्राइम व माफियो का बोलबाला ज्यादा सुनने में आया है जो कि ऐसे मुद्दे को लेकर आये दिन परेशानी आती है जिसकी जानकारी मुझे अपने बिश्बसनीय सूत्रो मिली है जिस पर सही तरीके पुलिसिग करेगे...

### नपेगे थाना प्रभारी...

एसपी आसुतोस बागरी ने कहा सभी थाना प्रभारियो को सचेत किया जायेगा कि काम में लापरबाही बर्दाश्त नही होगी और थाना बिहीन थानो मे जल्द पोस्टिग कर जिस टीआई के क्षैत्र में अबैध कारोवार



जैसे रेत सट्टा जुआ शराब को लेकर शोहरत की भनक मिली तो थाना प्रभारी व वीट प्रभारी समझो पुलिसिया गाज जरूर गिरेगी आरौपियो को संरक्षण दैने बाले पुलिस क्रमियो को नही बक्सा जायेगा इसलिये बेहतर होगा कि अपने अपने काम में ध्यान दे और जनता के बिश्बाश में खरे उतरे मुरैना में 100--200 रूपये बाली शिकायते या चौराहे या कही अबैध बसूली मिली तो प्रभारी पर ही कारबाही निश्चित समझे इन्दौर में एसपी व मुरैना में एएसपी रहै बागरी साहब ने बताया बहाने बाजी चालाकी का कोई काम नही है मे यहा से पहले से बाकिव हू मेरे अति बिश्बनीय मुखबिर तन्तु जिले के कौने कोने में है चाहे अम्बाह पोरसा महुआ नगरा उसैथ दिमना सिहोनिया मिरघान रिठौरा नूराबाद बामौर बागचीनी देवगढ रामपुर जौरा कैलारस पहाडगढ निरार आदि सभी जगहो पर है गल्त की सोचे भी तक नही

### क्राइम के साथ शराब तस्करी पर भी लगाम लगाना जरूरी

जिले में लगातार लूट, हत्या और डकैती की घटनाओं से लोगों में भय का माहौल है। ऐसे में पुलिसिंग को दुरूस्त करना नए एसपी के लिए बड़ी चुनौती होगी। इसके साथ ही यूपी राजस्थान से सटे जिला होने की वजह से लगातार शराब की तस्करी होती है। इस पर काबू पाना भी आसान नहीं होगा।

## मुरैना नवागत पुलिस अधीक्षक के आने से टीआई बिहीन थानो में पहले फ्रेस टीआईओ को पोस्टिग मिलने अधिक चांन्स...

**केशब पंडित जी अम्बाह...??**

**मुरैना**... मुरैना में बिगडती ब्यबस्थओ को देखते हुऐ माननीय मुख्यमंत्री जी ने अभी हाल में कॉन्फिस प्रैस में मुरैना एसपी ललित शाक्यबार को अपराधो मे कम सजा व स्थाई बारन्टो कमी पाये जाने पर फटकार लगाते हुऐ दो दिन बाद ही हटा दिये गये है उनकी जगह युवा आईपीएस आसुतोष बागरी को मुरैना की कमान सौपी है क्यो कि ललित शाक्यबार की कार्यप्रणाली से पूरे मुरैना जिले मे खास नाराजगी देखने को मिल रही थी उनकी इस कार्य प्रणाली से जनता ही नही बिभाग मे भी कर्मचारी परेशान थे ऑफिस मे कम बैठने से जनता में भी न खुशी देखी गई और अगर जरूरी फाइलो को देखा जाये तो उनकी प्राप्ती ओसत से कम ही मिलेगी जो कि यह जनता की नजर में बहुत ही असंन्तोष कार्य में गिनी गई है अगर बिभागीय तौर पर देखा जाये तो टेलेन्ट फ्रेस टीआईओ को लाइन में पदस्थ कर कार्यबाहक व टू स्टॉरो को कमान सौपी थी यही मेन उदेश्य रहा था अपराधो में कम सजा व स्थाई बारन्टो मे कमी आने का जो मार्च से पहले ही एसपी साहब को मजबूर हटाना पडा यही मेन कारण था जिससे जिला ही नही ग्राम शहर सब जगह त्राहि त्राहि मची नजर आरही थी खुलेआम रेतमा फिया व शराब माफिया व गॉवो में जुआ के फडो की खासी चर्चा सुनने मे आरही इसका कारण बडे खन कारबाहक ब टू स्टारो को मौका मिला था ऑधी जैसे आम है बटोरे परे तितने बटोरने की पडी है



जब कि लाइन में फ्रेस टीआई होने पर एसपी साहब पर अगुली भी उठ रही थी क्यो कि अब्बल अच्छी कार्यप्रणाली बाले फ्रैस टीआई योगेन्द्र सिह जादौन, जितेन्द्र नगाइच, शिबकुमार शर्मा, शैलेन्द्र गोबिल, आशीष राजपूत, ओपी आर्य, लाइन में पडे हुये अपराधो मे गिराबट कैसे आयेगी एक यह भी मेन कारण हटने का बताया जारहा है बैसे प्रमोसन के कारण जाने को तो थे परन्तु मार्च पहले नही जाने को थे अब युवा आईपीएस आसुतोष बागरी जी को कमान सौपी है उनकी पहली प्राथमिकता होगी थाना बिहीन थानो मे पोस्टिग की ही नही सभी जगह फ्रैस टीआई आने की संभाबना ज्यादा होगी तभी कही मुरैना फिर से साबधान मुरैना सुरक्षित मुरैना से जाना जायेगा...

## भारतीय समाज में सावित्रीबाई फुले के विचारों की प्रासंगिकता : डॉ गौतम

शास छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर जिला शिवपुरी म प्र के समाजशास्त्र विभाग द्वारा विश्व बैंक परि अंतर्गत दिनांक 27/1/2022 को ऑनलाइन माध्यम से ÷समाज सुधार व नारी उत्थान में माता सावित्रीबाई फुले का योगदान÷ विषय पर राष्ट्रीय वेबीनार आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ एम आर कौशल अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा ग्वालियर संभाग तथा संरक्षक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ केशव सिंह जाटव तथा वरिष्ठ मार्गदर्शक डॉ. एस. एस. गौतम एवं सभी अतिथियों, वक्ताओं व प्रतिभागियों का स्वागत अभिवादन करते हुए किया। कार्यक्रम की प्रथम वक्ता डॉ अनीता भारती, नई दिल्ली ने सावित्रीबाई फुले का जीवन परिचय, नारी शिक्षा एवं साहित्यिक योगदान पर सारगर्भित बात रखी। वहीं द्वितीय वक्ता समाजशास्त्री डॉ ध्रुव कुमार दीक्षीत, जबलपुर द्वारा विभिन्न कुप्रथाओं को मिटाने में सावित्रीबाई फुले द्वारा किए गए विभिन्न समाज सुधार कार्य व शैक्षणिक पाठ्यक्रम में उनके विचार सामिल करने पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता डॉ रामहेत गौतम केंद्रीय वि वि सागर, द्वारा विभिन्न ग्रंथों, प्रमाणों का संदर्भ रखते हुए समाज, शिक्षा, स्वास्थ्य, लोक कल्याण, जातिभेद का अंत इत्यादि महत्वपूर्ण सुधारों में सावित्रीबाई फुले का योगदान, भारतीय सामाजिक विचारधारा में उनकी स्थिति तथा वर्तमान में सभी क्षेत्रों में उनके विचारों की प्रासंगिकता को रखते हुए महत्वपूर्ण उद्बोधन दिया। इस कार्यक्रम का संचालन आयोजन सचिव डॉ करन सिंह जाटव द्वारा तथा धन्यवाद व आभार प्रदर्शन कार्यक्रम संयोजक डॉ ए के जैन द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में श्री शिवतीर्थ, राजेन्द्र हिमोरिया, सतीश माहौर, डॉ बाबूलाल कुम्हारे , डॉ के के यादव, डॉ भावना भटनागर, श्री देवेन्द्र जाटव इत्यादि सहित सम्पूर्ण महाविद्यालय परिवार का सहयोग रहा तथा इस वेबिणार ने लगभग 200 पंजीयन हुए और 150 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।



# अपने ही पैसे मांगना युवक को पड़ा भारी, 10 लोगो ने एकत्रित होकर उतारा मौत के घाट



**टीकमगढ़।** बीती रात्रि बुडेरा थाना अंतर्गत ग्राम लार में एक युवक की मौत का मामला सामने आया है मृतक नंदकिशोर उर्फ रीक्की की मां द्वारा इसे हत्या बताया गया है मृतक की मां द्वारा बताया गया है कि उनका पुत्र पैसे के लिए गया था जब बह अपने पैसे मांगने के लिए गया तो कैलाश विश्वकर्मा, कौशल्या ,मीरा, किरण, पुष्पा ,शांति, बाई ,जगदीश, अर्चना, गुलशन द्वारा लाठी-डंडों से पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी मां के बयान के आधार पर पुलिस द्वारा इन 10 लोगों पर 302 का मुकदमा दर्ज कर लिया है यह पूरा मामला पैसों की लेनदेन का बताया जा रहा है बीती रात्रि जब युवक पैसे मांगने गया तो उसका उन लोगों से विवाद हो गया इस दौरान सभी लोगों द्वारा मिलकर उसकी हत्या करने की बात कहीं जा रही है मां के बयान के आधार पर पुलिस द्वारा आरोपी मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है कुछ भी हो लेकिन एक मा से उसका बेटा दूर हो चुका है उसकी उम्र 25 वर्ष बताई जा रही है 25 वर्ष की आयु में एक मां को अपना बेटा खोना पड़ा बुडेरा थाना प्रभारी शैलेश सक्सेना द्वारा टीम बनाकर रवाना कर दी गई और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## सफलता संघर्ष की कीमत मांगती है-पी नरहरि



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर**-गुरूकुल ड्रीम फांउडेशन द्वारा आयोजित साप्ताहिक वेबिनार में मुख्य वक्ता के रूप में कमिश्नर एवं सेक्रेटरी म.प्र शासन आईएएस पी नरहरि मौजूद रहे।युवाओं से बात करते हुए कहा सम्मान या अवार्ड हमारे द्वारा किये गये कार्य का प्रतिफल होता है।संघर्ष के द्वारा मिली सफलता अधिक समय तक टिकती है अपने काम से प्यार करें जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित करे तथा अनुशासन के साथ लक्ष्य प्रति समर्पित रहकर काम करे् सफलता आपके कदम अवश्य चूमेगी।वैसे पी. नरहरि को कई तरह के बदलाव लाने के लिए जाना जाता है।तथा इंदौर सिटी को सबसे क्लीन सिटी बनाने का श्रेय दिया जाता है। गुरूकुल ड्रीम फांउडेशन द्वारा युवाओं के लिए किये जा रहे कार्य की श्री नरहरि ने सराहना की तथा उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।वेबिनार संचालन मानसी चौहान ,सत्यम गर्ग ने किया तथा आभार व्यक्त फांउडेशन संस्थापक आकाश बरूआ ने किया इस अवसर पर प्रज्ञा श्रीवास्तव, सुमित शर्मा, आयुषी अग्रवाल, तान्या तोमर सोम्या तोमर सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।।

# सिरवी समाज सेवा संस्था उलवे द्वारा पिचावा कांड पर न्याय की गुहार



**पुष्पाजंलि टुडे/नारायणलाल सैणचा**

**मुबई** --पाली जिले की सुमेरपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले पिचावा गाँव में सोमवार को एक दरिंदे ने मानवता की सारी हदें पार करते हुए गाँव की दस वर्षीय मासूम बालिका से दुष्कर्म कर उसकी बेरहमी से हत्या करके उसका शव एक कुंवे में फेंक दिया।इस घटना के बाद केवल राजस्थान में ही नहीं बल्कि भारत में बसे सम्पूर्ण राजस्थानी प्रवासी समाज में भयंकर रोष है मानवता को शर्मसार करने वाली इस घटना की सभी ने कडे शब्दों में निंदा की है।हालाँकि आरोपी और उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है मगर जनाक्रोश अभी शांत नही हुआ है पाली जिले की छत्तीस कौम ने एक स्वर में इस कांड में त्वरित न्याय की गुहार लगाई है। सीरवी समाज सेवा संस्था उलवे न्यु मुम्बई ने पिचावा बलात्कार हत्याकांड पर गहरा रोष प्रगट किया है दुर्गा माता मंदिर उलवे में आयोजित एक सामान्य बैठक में सभी पदाधिकारियों ने घटना को बेहद ही गंभीर बताते हुए घटना में लिप्त आरोपी को शीघ्र मृत्युदंड देने की माँग की है। बैठक शुरू होने से पहले सभी पदाधिकारियों ने खड़े होकर पीड़िता के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की सीरवी समाज पिसावा सुमेरपुर में हुई वारदात पर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। आई माता मंदिर में समस्त भारत की सभी वडेरो सभी जगहों छोटे छोटे प्रयासों से सरकार इस हत्याकांड के आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाकर इस बार सीरवी का युवा जागा है। जुर्म के खिलाफ एकजुट होकर कार्य करेंगे अगर धरातल विरोध की पर जरुरत हमारे यहां से हम 10/15 युवा साथि जेल जाने को तैयार हैं हमारी बेटी के लिए यह बैठक सम्पन्न हुई। युवाओ जोर से जोश से नारे लगाते हुए हत्यारे को फांसी दों अध्यक्ष किशन सिरवी उप अध्यक्ष चिमनाराम खजिनदार मोहन लाल कन्हैया लाल भनाराम चुन्नीलाल जितु भाई रमेश राजु शेषाराम दिनेश जिवाराम नारायण लाल अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने व संस्था ने संकल्प लिया है कि पीड़िता के परिवार को न्याय दिलवाने के लिए हरसंभव मदद की जाएगी। यह जानकारी समाज सेवक विनोद ने दी।



## कार्यकर्ताओं के हर सुख दुख में रहे साथ प्रत्येक बूथ को 51 प्रतिशत से अधिक करें मजबूत : बहादुर सिंह चौहान

**मुरैना से गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**पोरसा //** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पोरसा पुत्तुराम स्कूल पर आज कुशाभाऊ ठाकरे की जन्म शताब्दी वर्ष संगठन पर्व की अंतर्गत बूथ विस्तारक योजना को गति प्रदान करने के लिए प्रत्येक बूथ को मजबूत करें मतदान केंद्र हमारा 51त्न से अधिक रहे नए कार्यकर्ता को जोड़कर नई ऊर्जा के साथ ताकत दें कार्यकर्ताओं के हर सुख दुख में सदेव उनके साथ रहे प्रत्येक पन्ना समिति सदस्य को अपना परिवार का सदस्य समझकर उनके साथ खड़े रहे और उनका सहयोग करें आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय शक्ति केंद्र के बूथ नंबर 156 पर चंबल संभाग के प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष बहादुर सिंह चौहान ने कहीं बैठक में जिला अध्यक्ष डॉ योगेश पाल गुप्ता जिला मंत्री अरुण परमार आईटी सेल जिला प्रभारी दिलीप दंडोतिया भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता आनंद सिंह तोमर दिनेश शर्मा मन्ना सिंह तोमर संदीप उपाध्याय कमल जाटव बाल किशन वर्मा अरविंद्र तोमर अशोक तोमर दीपक सिंह तोमर बृजेश शिवहरे रविंद्र सिंह तोमर आशीष तोमर विकास तोमर परमाल शर्मा रमाकांत शर्मा पवन शर्मा वीरू सिंह तोमर पवन सिंगल कमल किशोर गुप्ता तथा 156 बूथ के बूथ अध्यक्ष महामंत्री बीएलए पन्ना समिति पन्ना प्रमुख आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# आनंद उत्सव में बिखरे कला के रंग, विजेता हुए पुरस्कृत




**रघुवर दयाल गोहिया**

**सीहोर।** नेहरू युवा केंद्र सीहोर द्वारा जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आनंद उत्सव का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण और माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई।

इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी श्रीमति निक्की राठौर ने सभी का स्वागत करते हुए प्रतिभागियों को नियमों से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने कहा कि भौतिक प्रगति और तनाव के इस दौर में आनंद उत्सव नई ऊर्जा का संचार करता है। इस मौके पर अतिथि श्री मांगीलाल ठाकुर और निर्णायक मंडल के सदस्यों श्री नरेंद्र शर्मा, श्री प्रितेश सक्सेना, श्रीमति रुपाली सोनी, श्रीमति चारुलता चौरे का स्वागत किया गया। प्रतिभागियों ने एकल गायन, एकल नृत्य, समूह गायन, समूह नृत्य और वादन विधा में अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में एकल गायन में प्रथम पंकेश राव, द्वितीय आनंद शंकर, तृतीय निहारिका गुप्ता, एकल नृत्य में प्रथम दीप्ती शर्मा, द्वितीय सिद्धि माहेश्वरी, तृतीय दिव्या ललवानी, समूह गायन में प्रथम उमा वर्मा समूह, द्वितीय पंकेश राव समूह, तृतीय जतिन समूह एवं समूह नृत्य में प्रथम सरस्वती कथक कला केंद्र समूह, द्वितीय भारती परमार समूह, तृतीय सुहानी वर्मा समूह तथा वादन में प्रथम उमा, द्वितीय अनुराग शर्मा, तृतीय तरुण यादव रहे7 प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य श्री आर.के. बांगरे को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल के सदस्यों और श्री मांगीलाल ठाकुर को भेंट स्वरूप स्मृति चिन्ह और शॉल प्रदान किये गए। मंच संचालक के रूप में स्वयंसेवक पवन पंसारी, मेघा महेश्वरी, रानी वर्मा, हीरामणि वर्मा, पवन कुमार की सक्रिय सहभागिता रही। आभार प्रदर्शन श्री राजेन्द्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर श्री देवेंद्र राय, श्री हरिओम शर्मा और एन.एस.एस छात्र- छात्रायें उपस्थित रहे।



## जिला पशुअस्पताल से अशोक शर्मा एवं जगदीश शर्मा हुए रिटायर

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** भिंड जिला पशु अस्पताल में उपसंचालक पशु पालन एवं डेयरी विकास विभाग निगम में शासकीय सेवा से रिटायर हुए डॉ अशोक शर्मा एवं जगदीश प्रसाद शर्मा का पशु चिकित्सकों एवं विभाग के कर्मचारियों तथा गौ रक्षक सेवकों ने शॉल और श्रीफल भेंट कर उन्हें सम्मानपूर्वक बधाई दी और कहा कि इन अधिकारियों ने शासकीय सेवा में रहकर शासन एवं विभाग के प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारियों के साथ सेवाभाव का माध्यम करते हुए उन्होंने कर्तव्यनिष्ठा और त्याग तपस्या कथा प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण रूप से अपनी जिम्मेदारी के साथ कार्य किया है और आवश्यकता पड़ने पर भी वह फिर सेवा करेंगे ।इस अवसर पर अटेर ब्लॉक के पशु चिकित्सक डॉ एसएस राठौर ने कहा कि जिस जिम्मेदारी के साथ उन्होंने कार्य किया है उनके अद्भुत विचारों को हम अपने वर्तमान शासकीय कर्मचारियों को यही प्रेरणा देंगे जिस तरह उन्होंने समाज सेवा के साथ-साथ विभाग के अधिकारियों के साथ अच्छा व्यवहार और जिस जिम्मेदारी के साथ कार्य किया था, उसी के साथ वह अपने दायित्वों का निर्वाह करें द्य पशु विभाग से सेवा निवृत्त हुए डॉ अशोक शर्मा एवं जगदीश प्रसाद शर्मा ने कहा कि मैं विभाग को जब भी आवश्यकता पड़ेगी जन सेवा के लिए हम लोग फिर आगे रहेंगे और जहां भी फील्ड में आवश्यकता पड़ने पर भेजा जाएगा वहां भी लोगों की सेवा की की जाएगी और सभी वर्तमान कर्मचारी भी अधिक विभागीय अधिकारियों के साथ अच्छा व्यवहार करें द्य उन्होंने कहा सेवा भाव ही उनकी पहली प्राथमिकता रही है, हम आपसे दूर नहीं है और जनता के बीच रहकर सेवा करने पीछे नहीं हटेंगे ।

## न्यायाधीशों एवं अधिवक्तागण से वर्चुअल माध्यम से मध्यस्थता एवं आगामी नेशनल लोक अदालत की बैठक सम्पन्न



**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे शिवपुरी-** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष श्री विनोद कुमार की अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से तहसील विधिक सेवा समिति करैरा एवं कोलारस से मध्यस्थता जागरूकता शिविर एवं आगामी नेशनल लोक अदालत पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधान जिला न्यायधीश श्री विनोद कुमार द्वारा तहसील विधिक सेवा समिति करैरा एवं कोलारस में पदस्थ न्यायाधीशगणों एवं अधिवक्तागणों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में मध्यस्थता एवं लोक अदालत दोनों ही न्याय के परंपरागत तरीकों से समान ही लोकप्रिय हो रहे हैं तथा इन पद्धतियों से सुलह कराने पर पक्षकार सबसे अधिक लाभान्वित होते हैं। एक तो उनका समय बचता है दूसरे उनकी कोर्ट फीस वापस हो जाती है एवं पक्षकारों का विवाद हमेशा के लिए खत्म हो जाता है और यह सब वकील के सहयोग के बिना संभव नहीं है। शिवपुरी जिले में नेशनल लोक अदालत के आंकड़े अत्यंत प्रशंसनीय रहे हैं। इसी के साथ-साथ मध्यस्थता भी सफलतापूर्वक लोगों में प्रचलित है और इसका पूरा श्रेय जिला शिवपुरी के अधिवक्तागण को जाता है क्योंकि उनके द्वारा उक्त दोनों ही प्रक्रियाओं में स्वयं पूरा सहयोग करने के साथ-साथ पक्षकारों को भी तैयार किया जाता है। जिला न्यायाधीश एवं सचिव श्रीमती अर्चना सिंह के द्वारा उपस्थित न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण को मध्यस्थता के प्रावधानों से अवगत कराने के अतिरिक्त इसकी प्रक्रिया भी समझाई गई। सचिव श्रीमती सिंह द्वारा बताया गया के मध्यस्थ को न्यायाधीश के समान तटस्थ रहते हुए दोनों पक्षों को सुना जाता है और दोनों पक्षों को उत्प्रेरित किया जाता है कि वे स्वयं समझौते की शर्ते तैयार करें मध्यस्थ स्वयं कोई निर्णय नहीं देता उसका दायित्व होता है कि वह एक पक्ष से हुई चर्चा या उनके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों को गुप्त रखें तथा समझौते पश्चात न्यायालय द्वारा डिक्री पारित किए जाने पर उक्त डिक्री अथवा आदेश अंतिम होता है मध्यस्थ उक्त मामले पश्चात वर्ती प्रक्रम पैरवी नहीं कर सकता। उक्त शिविर के दौरान प्रथम जिला न्यायाधीश श्री राधाकृष्ण मालवीय, द्वितीय जिला न्यायाधीश श्रीमती सिद्धि मिश्रा, चतुर्थ जिला न्यायाधीश श्री रामविलास गुप्ता, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री पवन कुमार संखवार एवं अन्य न्यायाधीश गण उपस्थित रहे।

# भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या और बलिदान से ही संगठन वटवृक्ष बना : बहादुर सिंह चौहान

## कुशाभाऊ ठाकरे का संगठन रूपी विचार को लेकर कार्यकर्ता अपने बूथ को मजबूत बनाएं : ओ पी एस भदौरिया



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक संभागीय प्रभारी तेज बहादुर सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल है जिनके त्याग तपस्या और बलिदान से ही संगठन का वट वृक्ष आज पूरे देश और प्रदेश में कार्यकर्ताओं के परिश्रम पराकाष्ठा कर्तव्यनिष्ठा के साथ हमारे भारतीय जनसंघ के प्रेरणा स्रोत एकात्म मानववाद के विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी संगठन के वट वृक्ष कुशाभाऊ ठाकरे के विचारों को लेकर बूथ केंद्रों पर मजबूती के साथ विस्तार की ओर आगे बढ़ रहा है । प्रदेश नेतृत्व ने यह अभियान अपने हाथों में लेकर ठाकरे जी के जन्म शताब्दी वर्ष अपने बूथ मजबूती की ओर कार्यकर्ता पूरे मध्यप्रदेश के हर जिले में जुटा हुआ है । यह उद्गार उन्होंने मेहगांव बूथ विस्तारक कार्य योजना के अंतर्गत बरहैद शक्तिकेन्द्र के बूथ क्रमांक 113 मोरोली में बूथ समिति की बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सिंह भदौरिया ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में नगरीय प्रशासन एवं आवासराज्य मंत्री ओ पी एस भदौरिया विशेष रूप से मौजूद थे द्य नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने कहा कि भाजपा ही सर्व समाज को आत्मनिर्भर विकास की ओर जोड़ रही है 7 कुशाभाऊ ठाकरे जी के जन्म शताब्दी वर्ष पर प्रदेश नेतृत्व ने यह अभियान की शुरुआत कर स्थानीय बूथ समिति को मजबूत के साथ खड़ा करने का संकल्प लिया है 7 पार्टी के इस महायज्ञ में प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ को मजबूती देते हुए सत्ता और संगठन की ताकत को मजबूत बनाएं 7 आगामी 2023 विधानसभा 2024 लोकसभा और पंच जिला पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा का परचम फहरे इसके लिए कार्यकर्ता हर बूथ को मजबूती देते हुए सत्ता और संगठन की ताकत को मजबूत करें और ठाकरे जी के इस संगठन रूपी विचार को लेकर आगे बढ़ाने में हमारा कार्यकर्ता ही महत्वपूर्ण है ताकि पार्टी सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी बने इस अवसर पर भाजपा मेहगांव मंडल के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह भदौरिया ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि मेहगांव विधानसभा क्षेत्र में गांव मंडल के प्रत्येक बूथ केंद्र पर कार्यकर्ता अपनी टीम के साथ स्थानी समिति को मजबूत करने में अपनी अहम भूमिका के साथ अपनी टीम को लेकर जुटे हुए हैं मंडल बूथ विस्तारक सुनील भदौरिया, बरहैद शक्ति केन्द्र के विस्तारक देव चौधरी शक्ति केंद्र प्रबंधक उमेन्द सिंह भदौरिया के साथ अभियान के तहत मेहगांव के ग्राम मोरोली में बूथ क्रमांक 113 में कार्यकर्ताओं से संवाद किया और कार्यकर्ताओं के साथ भोजन किया। इस दौरान संगठन ऐप पर जानकारी अपलोड की। बैठक में बूथों के अध्यक्ष व बूथ समितियो के सभी सदस्य उपस्थित रहें।

# बुथविस्तारक योजना से पार्टी संगठन का बिस्तार होगा पार्टी का जनाधार समाज के हर वर्ग में बढेगाः तोमर






**गोरमी से अरविंद जैन पुष्पांजलि टुडे**

**गोरमी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे बूथ विस्तारक योजना कार्यक्रम के तहत गोरमी मंडल के बूथ बिस्तारको आई टी एक्सपर्ट एबम प्रबंधकों की बैठक का आयोजन नगर के वार्ड 12 थाना रोड स्थित मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि बूथ बिस्तारक योजना के विधानसभा प्रभारी पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल सिंह तोमर एबम विशेष अतिथि के रूप में मंडल बिस्तारक रमन सिंह भदौरिया आई टी सेल के जिला प्रभारी रोहित करैया एबम अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने की इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल सिंह तोमर ने कहा बूथ विस्तारक योजना से पार्टी के संगठन के विस्तार के साथ साथ पार्टी का जनाधार समाज के हर वर्ग में बढ़ेगा हम सब कार्यकर्ता जिस बूथ पर जा रहे हैं वहां हम सब को केंद्र सरकार की एवं प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी समाज के हर वर्ग को देना है जिन लोगों को इन योजनाओं का लाभ मिल रहा है ऐसे हितग्राहियों का हम सब को सम्मान करना चाहिए इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित आई टी सेल् के जिला प्रभारी रोहित करैया ने कहा कि हम सब लोगों को पार्टी द्वारा जो काम दिया गया है उसको पूरी लगन है मेहनत के साथ सही समय पर पूरा करना है पार्टी हम सब कार्यकर्ताओं के कार्य का मूल्यांकन करती है बैठक की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने बूथ विस्तारक योजना की जानकारी विस्तार से बताई एवं कार्यकर्ताओं से बूथ पर जाकर पूरी ताकत से ऐसी मजबूत बूथ समितियों का गठन करने की अपील की जो पार्टी की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग ले एवं पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम हम सबको अब बूथ स्तर तक मनाना है ऐसी हमारी तैयारी होना चाहिए बैठक का संचालन मंडल महामंत्री निर्मल आर्य एवं अंत में आभार मंडल उपाध्यक्ष धुर्व शर्मा ने किया बैठक में परोसा ग्राम केंद्र पर अच्छा काम करने पर बिस्तारक दलवीरसिंह तोमर आईटी एक्सपर्ट सोनू भदौरिया एबम प्रबन्धक नाथू पटेल का मुख्य अतिथि ने पुष्प माला पहनाकर सम्ममनित किया। इस अबसर पर मुख्य रूप से पार्टी के बरिष्ठ नेता गोकुल सिंह परमार अरविंद बर्मा जयवीर पुरोहित दलवीर तोमर पटेल यादव ओमकार यादव भान सिंह नरवरिया धुर्व शर्मा राजेन्द्र सिंह गुर्जर विजय कुशवाह मोनू शर्मा बीपी भदौरिया सोबरन भदौरिया राय सिंह जाटव राहुल कटारे नाथू राम शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हजीरा सब्जी मण्डी को लेकर विवाद, प्रशासन ने की तुड़ाई, पुतले से झुलसे एएसआई





## कांग्रेस नेता सुनील शर्मा गिरफ्तार, सायंकाल हुए रिहा

ग्वालियर। हजीरा सब्जी मण्डी को लेकर जहां प्रशासन ने नई प्लनिंग के तहत उसे जमींदोज कर दिया। वहीं इसे लेकर कांग्रेस के प्रदेश महांत्री और आंदोलन की अगुआई कर रहे सुनील शर्मा को मंडी जमींदोज करने से पहले गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि उन्हें सायं 7 बजे छोड़ भी दिया गया। लेकिन इस दौरान पुतला जलाते समय एएसआई झुलस गये। जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

ग्वालियर के उपनगर हजीरा स्थित 70 वर्ष पुरानी सब्जी मंडी को जमींदोज करने को लेकर आज कांग्रेस ने जहां अपना आंदोलन तेज कर दिया। वहीं कांग्रेस द्वारा दोपहर में मुख्यमंत्री का पुतला जलाते समय पुलिस का एक एसआई झुलस गया जिसे उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस द्वारा कांग्रेस के आंदोलनकारियों के विरूद्ध एसआई द्वारा दिये जा गये बयानों पर मामला दर्ज किया गया है। वहीं कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री और आंदोलन की अगुवाई कर रहे सुनील शर्मा को मंडी जमींदोज करने से पहले पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । इसके विरोध में कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं और सब्जी कारोबारियों ने अपनी गिरफ्तारी भी दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उपनगर हजीरा स्थित 70 वर्ष पुरानी सब्जी मंडी को राज्य के एक मंत्री के कथित रूप से एक मॉल की पार्किंग को लेकर हटाये जाने पर कांग्रेस ने सब्जी मंडी को लेकर एक आंदोलन पिछले कई दिनों से चला रखा था। उधर जिला प्रशासन ने पुलिस की मदद से सब्जी मंडी कारोबारियों को तो किसी तरह से पास ही में इंटक मैदान में शिफ्ट करा दिया, लेकिन कांग्रेस के आंदोलन तथा मंडी को तोडने से पहले आज प्रदेश महामंत्री सुनील शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। इसी का विरोध कांग्रेस ने पहले गांधी प्रतिमा पर धरना देकर किया वहीं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला जलाने का कांग्रेस जनों ने प्रयास किया। इसी बीच पुतले को छीनने के प्रयास में आग से पड़ाव थाने के एसआई दीपक गौतम झुलस गये। उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित सांघी , सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एसआई को देखने अस्पताल पहुंचे और उनका हाल चाल जाना। वहीं प्रशासन ने एक डिप्टी कलेक्टर के समक्ष बयान कराये और उनके बयानों के आधार पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों खासकर एनएसयूआई के पदाधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

ज्ञातव्य है कि करीब 20 दिनों से हजीरा मंडी राजनीति का अखाडा बनी हुई है। अब मंडी के जमीदोज होने पर वहां पार्किंग और कोचिंग सेंटर , डे केयर सेंटर मूर्त रूप लेंगे। वहीं 70 वर्ष पुरानी हजीरा सब्जी मंडी को इंटक मैदान में 12 जनवरी को स्थानांन्तरित किया गया था। सब्जी का व्यापार करने वाले तभी से इस बात का विरोध कर रहे हैं। और इसे प्रशासन की हठधर्मिता बता रहे हैं। दुकानदार और कांग्रेस ने केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आदि से मिलकर ज्ञापन दिये लेकिन प्रशासन सब्जी कारोबारियों को हटाने पर अडिग था। उधर कांग्रेस प्रदेश महामंत्री सुनील शर्मा जो मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के कटटर विरोधी हैं ने सब्जी मंडी वालों का साथ दिया। आज जमीदोज करने से पहले सुनील को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद कांग्रेस उनके सपोर्ट में आ गई।

## सुनील शर्मा छूटे, प्रद्युम्मन सिंह मुर्दाबाद के लगे नारे

सायंकाल 7 बजे जब सुनील शर्मा को पुलिस ने रिहा किया तो कांग्रेस द्वारा एक रैली निकाली गई, जिसमें कांग्रेस के कई नेता व कार्यकर्ता 4 पहिया वाहन और दुपहिया वाहन पर सवार होकर प्रद्युम्मन सिंह तोमर मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए जा रहे थे। वहीं कुछ युवा कार्यकर्ता प्रद्युम्मन सिंह तोमर होश में आओ के नारे लगा रहे थे।

# शहीद रामऔतार की प्रतिमा लगाये का कार्य तत्परता से किया जाए

**राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने किया प्रतिमा स्थल का निरीक्षण**

ग्वालियर। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणानुसार ग्राम बरोआ, रायरू जिला ग्वालियर में शहीद श्री रामऔतार लोधी की प्रतिमा लगाया जाना है। जिसके लिये आज प्रदेश सरकार के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह व नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थायें देखी।



निरीक्षण के दौरान राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि देश के लिये अपना बलिदान देने वाले वीर सपूत की प्रतिमा लगने से क्षेत्र के लोगों में हमारी सेनाओं के प्रति सम्मान की भावना और बढ़ेगी। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने इस मौके पर कलेक्टर से कहा है कि बरौआ में स्थित शाला भवन की बाउण्ड्रीवॉल बनाने का कार्य भी तत्परता से किया जाए। उन्होंने नगर निगम आयुक्त से भी आग्रह किया है कि प्रतिमा को लगाने और प्रतिमा स्थल को बेहतर करने की दिशा में तीव्र गति से कार्य किया जाए, ताकि प्रतिमा का अनावरण तत्परता से किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रतिमा के अनावरण में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, क्षेत्रीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए, ताकि शहीद की प्रतिमा का अनावरण पूरी गरिमा के साथ हो सके।

# पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त कार्यालय में डीएसपी श्री भदौरिया की भावभीनी विदाई



ग्वालियर। लोकायुक्त कार्यालय में पदस्थ डीएसपी श्री धर्मवीर सिंह भदौरिया को भावभीनी विदाई दी गई। लोकायुक्त एसपी श्री संजीव कुमार सिंह ने विदाई समारोह में कहा कि डीएसपी श्री भदौरिया अनुशासनप्रिय अधिकारी के रूप में जाने जाते रहे हैं। उन्होंने पिछले 11 वर्षों से लोकायुक्त कार्यालय में पदस्थ रहकर कई मामलों में अपनी उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है।

लोकायुक्त कार्यालय में डीएसपी श्री धर्मवीर सिंह भदौरिया का विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें डीएसपी श्री प्रद्युम्न पाराशर, निरीक्षक श्री कविन्द्र सिंह चौहान, श्री राघवेन्द्र सिंह तोमर, श्रीमती रानी लता नामदेव, श्रीमती आराधना डेविस, श्री भरत सिंह, श्री सुरेन्द्र यादव, श्री बृजमोहन नरवरिया, श्रीमती अंजलि शर्मा, विशेष लोकायुक्त अभियोजन श्रीमती राखी सिंह एवं डीएसपी श्री डी एस कुशवाह विशेष रूप से उपस्थित थे।

सेवानिवृत्त हुए डीएसपी श्री धर्मवीर सिंह भदौरिया ने 40 वर्ष की शासकीय सेवा पूरी की है। वे नौकरी के दौरान भिण्ड, मुरैना, दतिया सहित कई जिलों के थानों में थाना प्रभारी भी रहे हैं। पिछले 11 वर्षों से पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त कार्यालय में पदस्थ थे। स्टाफ के

# जनसंपर्क विभाग के श्री गोपीनाथ पाण्डे का विदाई समारोह



ग्वालियर। संभागीय जनसंपर्क कार्यालय ग्वालियर में लम्बे समय से अपनी सेवायें दे रहे श्री गोपीनाथ पाण्डे की सेवानिवृत्ति पर विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार श्री राकेश अचल ने भी श्री पाण्डे को पुष्प-गुच्छ भेंट कर उनके सुखी और समृद्ध जीवन की कामना की। मोतीमहल स्थित जनसंपर्क कार्यालय में वरिष्ठ लिपिक श्री गोपीनाथ पाण्डे को सेवानिवृत्ति पर सोमवार को भावभीनी विदाई दी गई। वर्ष 1987 से जनसंपर्क विभाग के कई महत्वपूर्ण कार्यों में श्री पाण्डे ने पूरी दक्षता और समर्पण के साथ अपनी सेवायें प्रदान की हैं। श्री पाण्डे के पिता भी जनसंपर्क विभाग में सेवाएँ दे चुके हैं। कार्यालय में उनकी दिवाई के अवसर पर सहायक संचालक जनसंपर्क श्री मधु सोलापुरकर, वरिष्ठ पत्रकार श्री राकेश अचल, जनसंपर्क विभाग से सेवानिवृत्त हुए श्री एन के गुलाटी सहित श्रीमती अलका माथुर, श्रीमती राधा शर्मा सहित समस्त स्टाफ ने श्री पाण्डे का माल्यार्पण कर उनको विदाई दी। इसके साथ ही स्मृति चिन्ह प्रदान भी किया।

# अटल मेमोरीयल स्कूल के नवीन ब्लॉक का सिविल निर्माण पूर्ण प्रत्येक क्लास रुम में मिलेगी स्मार्ट लर्निंग की सुविधा

## स्मार्ट सिटी सीईओ ने किया गोरखी स्कूल में सेंपल स्मार्ट क्लास का निरीक्षण*



ग्वालियर। पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की यादों को समर्पित महाराज बाडा स्थित गोरखी परिसर में स्मार्ट सिटी द्वारा पुर्नविकसित कर बनाया जा रहा अटल मेमोरियल स्कूल व म्यूजियम अब अपना आकार लेने लगा है। विधार्थियो की सुविधा को देखते हुये गोरखी स्कूल परिसर में ही तीन मंजिला नवीन ब्लाक का सिविल वर्क तेज़ गति से किया गया है। स्मार्ट सिटी सीईओ श्रीमती जयति सिंह नें आज सोमवार को गोरखी स्कूल में नवीन ब्लॉंक में तैयार किये गये सेंपल स्मार्ट क्लास रुम का मुआयना किया और संबंधित अधिकारियो को जरुरी दिशा निर्देश दिये। श्रीमती सिंह ने निर्देशित किया कि अन्य स्मार्ट क्लास रुम को भी सेंपल स्मार्ट क्लास रुम के रुप मे ही समय सीमा में तैयार किया जाये ताकि छात्रो को जल्द से जल्द इसका फायदा मिल सके। श्रीमती सिंह नें कक्षाओं व प्रयोगशालाओं के निर्माण में छात्रों की सुविधा का पूरा ध्यान रखने के लिये भी संबंधित अधिकारियो को निर्देशित किया। ग़ौरतलब है कि नवीन ब्लॉक में सिविल कार्य पूर्ण किये जाने के उपरान्त फ़र्निशिंग कार्य किया जा रहा है। ग्वालियर स्मार्ट सिटी सीईओ श्रीमती जयति सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गोरखी परिसर में निर्माणाधीन अटल मेमोरीयल स्कूल को आधुनिक परिवेश में विकसित किया जा रहा है। यहाँ 20 से अधिक कक्षाओं को अत्याधुनिक क्लास रूम के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें इंटरैक्टिव स्क्रीन तथा सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरा का भी प्रावधान किया गया है। इसके अलावा इन सभी कक्षाओं में छात्रों के अनुकूल फ़र्नीचर भी मुहैया कराया जाएगा। स्कूल में कैंटीन सुविधा हेतु हॉल का भी निर्माण किया गया है।

# मुनिश्री ने जैनधर्म के प्रथम तीर्थकर भगवान आदिनाथ मोक्ष निर्वाणोत्सव मनाया

## सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर भगवान आदिनाथ के संदेश को जीवन में उतारें: मुनिश्री



ग्वालियर। भगवान आदिनाथ का संदेश है कि ऋषि बनो या कृषि करो। आज पूरा विश्व उन्हीं के बताये मार्ग पर चलकर अपना जीवनयापन कर रहा है। जिस-जिस देश में लोगों ने अहिंसा को छोड़कर हिंसा की, आज वहां पर महामारी प्राकृतिक आपदा जैसे संकट आ रहे हैं। कोरोना वायरस भी इसी हिंसा का नतीजा है। हम सभी भगवान से यही प्रार्थना करते हैं कि विश्व में आए कोरोना वायरस के संकट को दूर करके अपनी कृपा दृष्टि करें। जैन धर्म के सिद्धांत प्रारंभ से ही अहिंसा के सिद्धांत रहे हैं। सभी को अहिंसा का पालन करते हुए अपने जीवन को जीना है और पूरे विश्व को अहिंसा का संदेश देना है। यह बात राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ने आज सोमवार को जैन धर्म के पहले तीर्थंकर भगवान आदिनाथ (ऋषभदेव) का मोक्ष कल्याणक दिवस पर चंपाबाग धर्मशाला में संबोधित किया।

मुनिश्री ने कहा कि युग के आदि में भगवान को निर्वाण की प्राप्ति हुई थी। निर्वाण का अर्थ होता है, जो जन्म और मृत्यु के बंधन से मुक्त हो गए। अनंतकाल से युग है और अनंतकाल तक युग रहेगा इस में कई पवित्र आत्माएं आयी हैं और निर्वाण को प्राप्त हुई हैं।

मुनिश्री ने भगवान आदिनाथ का महामस्तकाभिषेक कर निर्वाण लड्डू जयकारों के साथ समर्पित किया।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज, मुनिश्री विजयेश सागर , मुनिश्री विनिबोध सागर महाराज व ऐलक श्री विनियोग सागर महाराज के सानिध्य में प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का कलशों से केशरजल से महामस्तकाभिषेक व शांतिधारा की गई। इसके बाद ब्रह्मचारिणी प्रियंका दीदी, पंडित सुनील भंडारी, विनय कासलीवाल, प्रकाशचंद जैन, पंकज बाकलीवाल, आदि ने भक्तिभाव से भगवान आदिनाथ को निर्वाण का लड्डू जयकारों के साथ समर्पित किया गया। मुनिश्री ने कहा कि भगवान आदिनाथ जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर हैं, सभी तीर्थंकरों के पांच कल्याणक होते हैं, जिनमें गर्भ कल्याणक, जन्म, तप, ज्ञान, ओर अंतिम कल्याणक मोक्ष कल्याणक होता है।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478